दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



ऊर्जा का संचार करे सूर्य नमस्कार.......

योग से होता है हमारा तन मन .....

वर्ष : 11 | अंक : 183 | लखनऊ, 20 जून, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि का होगा भव्य सौंदर्यीकरण, बनेंगे राजस्थानी शैली के सात भव्य द्वार

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन- 2030 के तहत भगवान श्री कृष्ण की पावन जन्मभूमि का सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण किया जा रहा है। इसी के तहत मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर केशव वाटिका के सौंदर्यीकरण, यमुना बैराज के समीप वासुदेव वाटिका के निर्माण के साथ ही नगर में सात स्थानों पर भव्य प्रवेश द्वारों के निर्माण करवाएगी। इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विकास प्राधिकरण को लगभग 62 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य मथुरा को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय दृष्टि से और अधिक समृद्ध बनाना है, जिससे मथुरा धाम में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का अनुभव और अधिक सुखद और यादगार हो।

## मथुरा नगरी में बनेंगे राजस्थानी शैली के सात भव्य प्रवेश द्वार

भगवान श्रीकृष्ण की जन्म स्थली और लीला स्थली मथुरा-वृंदावन में हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के मथुरा विजन- 2030 के तहत मथुरा-वृंदावन क्षेत्र का पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत मथुरा- वृंदावन विकास प्राधिकरण मथुरा नगर में सात स्थानों पर भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण करवा रहा है।



ये प्रवेश द्वार रेपुरा जट, यमुना एक्सप्रेस-वे, पागल बाबा मंदिर (वृंदावन रोड),लक्ष्मी नगर चौराहा, कोटवन बॉर्डर, मथुरा-गोकुल मार्ग, सोनई बॉर्डर, और सासनी बॉर्डर पर बनाये जाएगें। 21.50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इन प्रवेश द्वारों पर राजस्थानी शैली में स्टोन कार्विंग और 10 फीट ऊंची भगवान श्रीकृष्ण की 12 मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। ये प्रवेश द्वार मथुरा की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को और मजबूत करेंगे। मथुरा आने वाले श्रद्धालुओं के लिए न केवल आकर्षण का केंद्र होंगे साथ ही मथुरा नगरी के प्राचीन वैभव को एक बार फिर स्थापित करेगा।

### केशव वाटिका का होगा सौंदर्यीकरण

मथुरा विजन- 2030 के तहत श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में स्थित केशव वाटिका को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। 3.5 एकड़ क्षेत्र में फैली केशव वाटिका के सौंदर्यीकरण के लिए मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण को 7.3 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। जिससे केशव वाटिका में म्यूजिकल फाउंटेन, रंग-बिरंगी लाइटिंग, पत्थर की रेलिंग, पाथ-वे, बेंच, और पेड़-पौधों से वाटिका का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

म्यूजिकल फाउंटेन और रंगीन लाइट एंड साउंड सिस्टम श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा आकर्षण होगा। भागवत भवन की दीवारों पर लाइट एंड साउंड सिस्टम के माध्यम से श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रण भी किया जाएगा, जिसके इस वर्ष जन्माष्टमी से पहले शुरू होने की संभावना है।

### वासुदेव वाटिका बनेगी मथुरा में पर्यटन और पर्यावरण का संगम

मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण शहर के यमुना बैराज के अपस्ट्रीम पर बायीं ओर वासुदेव वाटिका का निर्माण करा रहा है। 13 हेक्टेयर के क्षेत्र में बन रही वासुदेव वाटिका के निर्माण के लिए 34.06 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

# शिक्षा का उद्देश्य बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना हो: राज्यपाल बागडे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बृहस्पतिवार को कहा कि शिक्षा का उद्देश्य महज डिग्री प्रदान करना नहीं बल्कि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ाना होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय में सिर्फ किताबी पाठ्यक्रम के आधार पर नहीं बल्कि व्यावहारिक ज्ञान के आधार पर शिक्षा दी जाए ताकि व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि हो सके।



बागडे बृहस्पतिवार को कोटा में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के नवनिर्मित मुख्य प्रवेश द्वार के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान का सही परिचय वहां प्रदान की जा रही शिक्षा से होता है।

प्राचीन समय में गुरुकुलों में दी जाने वाली शिक्षा का उल्लेख करते हुए बागडे ने कहा कि गुरुकुलों में विविध भाषाओं एवं विषयों की अभ्यास आधारित शिक्षा दी जाती थी और उस जमाने में डिग्री वाले इंजीनियर नहीं होते थे लेकिन वे तकनीकी दृष्टि से इतने दक्ष थे कि मजबूत इमारतें बनाते थे तथा वहां विद्यार्थियों की स्मरण शक्ति को बढ़ाते हुए ज्ञान दिया जाता था।

बागडे ने कहा, विकसित प्रौद्योगिकी से जीवन की जटिलताओं के समाधान में मदद मिलती है। तकनीकी शिक्षा व्यक्ति के जीवन को समृद्ध बनाते हुए उसे समाज में उच्चतम स्तर प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करती है। उन्होंने तकनीकी विश्वविद्यालयों से कहा कि वे गुणवत्तापूर्ण प्रौद्योगिकी का विकास कर विश्व में भारत को अलग पहचान दिलाएं। राज्यपाल ने बाद में कृषि विश्वविद्यालय, कोटा के दीक्षांत समारोह में भी भाग लिया। इसमें अपने संबोधन में उन्होंने पारंपरिक भारतीय ज्ञान के आलोक में कृषि शिक्षा के आधुनिक विकास का आान किया है। साथ ही प्राकृतिक खेती अपनाने और वर्षा जल संरक्षण के लिए काम करने जाने पर जोर दिया।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही : केशव प्रसाद मौर्य

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ,उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए दावा किया कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस अब देश की जनता के बजाय पाकिस्तान के नेताओं के भरोसे पर ज्यादा निर्भर है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के भरोसे कांग्रेस सत्ता पाने का ख़्वाब पाल रही है। मौर्य ने भारत-पाक संघर्ष पर कांग्रेस के कुछ नेताओं की हालिया टिप्पणियों को लेकर निशाना साधा।

### टीला ढहा : मिट्टी में दबकर तीन लोगों की मौत

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ,कानपुर से सटे फतेहपुर जिले के किशनपुर में बुधवार को टीला ढहने से मिट्टी में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (खागा) ब्रज मोहन राय ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मिट्टी से बाहर निकाला। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि फतेहपुर जिले के किशनपुर थाना क्षेत्र स्थित भसरौल गांव में रमेश धोबी (54), दुलारे पासी (55) और शिव मोहन यादव (56) मिट्टी के टीले पर आराम कर रहे थे तभी वह अचानक ढह गया और मिट्टी में दबने से तीनों की मौत हो गई।

# पटना में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के 1 पोलो रोड स्थित आवास के पास गोलीबारी, पुलिस ने जांच शुरू की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिहार के पटना में 1 पोलो रोड पर राजद नेता और पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव के आवास के पास गोलीबारी की घटना की सूचना अधिकारियों ने गुरुवार को दी। समाचार एजेंसी पीटीआई ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच जारी है। पुलिस का दावा है कि गुरुवार सुबह पोलो रोड पर जनता दल (यूनाइटेड) के मंत्री अशोक चौधरी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के आवास के पास मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने एक युवक पर कथित तौर पर गोलीबारी की। पुलिस का दावा है कि यह लूट का प्रयास था। पोलो रोड इलाका, जो एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आता है, पटना के सबसे सुरक्षित इलाकों में से एक माना जाता है, जहां कई मंत्री, जज और वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने एक डॉक्टर के ड्राइवर राहुल को लूटने का प्रयास किया, जो सुबह करीब 8:15 बजे काम पर जा रहा था। पीड़ित सुरक्षित बच गया और हमलावरों ने 400 रुपये नकद लूट लिए, लेकिन उसका फोन और अन्य सामान नहीं छोड़ा। दो बाइक सवार हमलावरों ने कथित तौर पर राहुल नामक युवक पर लूटपाट के इरादे से गोली चलाई। सौभाग्य से, युवक सुरक्षित बच गया। गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से भाग गए।

# मनपसंद व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार संविधान के तहत संरक्षित: इलाहाबाद उच्च न्यायालय

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक वयस्क महिला का अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने के निर्णय का उसके परिवार द्वारा विरोध किए जाने की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की आपत्तियां घृणित हैं।



अदालत ने कहा कि अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन जीने और निजी स्वतंत्रता का अधिकार) के तहत संरक्षित है। उक्त टिप्पणी के साथ उच्च न्यायालय ने अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने की इच्छुक 27 वर्षीय महिला को सुरक्षा उपलब्ध कराई। महिला को अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने की इच्छा के कारण अपहरण किए जाने की आशंका थी। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता परिवार द्वारा 27 वर्षीय महिला के अपनी पसंद के व्यक्ति से विवाह करने के निर्णय पर आपत्ति करना, घृणित है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक वयस्क को यह अधिकार प्राप्त है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसे यह नहीं पता कि याचिकाकताओं- घर की महिलाओं, पिता और भाई का वास्तव में अपहरण करने का इरादा है या नहीं, लेकिन यह मामला एक वृहद सामाजिक मुद्दे (संवैधानिक और सामाजिक नियम कायदे के बीच मूल्यों के अंतर) को परिलक्षित करता है।

अदालत ने कहा, इस तरह के अधिकार के प्रयोग के प्रति सामाजिक और पारिवारिक विरोध, संवैधानिक और सामाजिक नियमों के बीच मूल्यों के अंतर को स्पष्ट रूप से चित्रित करता है। जब तक यह अंतर बना रहेगा, इस तरह की घटनाएं होती रहेंगी।

अदालत महिला (चौथी प्रतिवादी) के पिता और भाई द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें महिला द्वारा मिजापुर जिले के चिल्ह थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 140(3) (अपहरण), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) और अन्य के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया था।

# पश्चिम बंगाल, केरल, पंजाब, गुजरात की 5 सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान जारी

## 23 जून को आएंगे नतीजे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विधानसभा उपचुनावों को लेकर दिलचस्पी ज्यादातर राज्यों तक ही सीमित रहती है, खासकर तब जब मुकाबला किसी बड़े नेता से न जुड़ा हो। हालांकि, चार राज्यों में फैली 5 सीटों के लिए आज होने वाले विधानसभा उपचुनावों पर 23 जून को नतीजे आने के बाद सभी की नजर रहेगी - क्योंकि यह पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला चुनावी मुकाबला होगा - भारत की सैन्य प्रतिक्रिया जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर हवाई और जमीनी हमले शामिल थे।



पंजाब में लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान बृहस्पतिवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ जो शाम छह बजे तक जारी रहेगा। मतगणना 23 जून को होगी। आम आदमी पार्टी (आप) विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के जनवरी में निधन के बाद लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट खाली हो गई है। लुधियाना पश्चिम क्षेत्र में कई दलों के बीच टक्कर है। प्रमुख राजनीतिक दल आप, कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) एक-दूसरे को मात देने के प्रयास में जुटे हैं। उपचुनाव के लिए प्रचार मंगलवार शाम को समाप्त हो गया। इस सीट के लिए कुल 14 उम्मीदवार मैदान पर हैं और 85,371 महिलाओं एवं 10 ट्रांसजेंडर समेत कुल 1,75,469 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं।

### पश्चिम बंगाल उपचुनाव

पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कालीगंज विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उपचुनाव के लिए केंद्रीय बलों की 14 कंपनी को तैनात किया गया है। मतदान शाम पांच बजे समाप्त होगा। तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद का फरवरी में अचानक निधन होने के कारण इस सीट पर उपचुनाव की आवश्यकता पड़ी। उनकी बेटी अलीफा तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आशीष घोष को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का समर्थन प्राप्त है। उपचुनाव में तृणमूल, भाजपा और कांग्रेस-वाम गठबंधन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना है।

# सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिली

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट से जुड़ी समस्या के उपचार के बाद बृहस्पतिवार को सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने यह जानकारी दी। बीते 15 जून को 78 वर्षीय सोनिया गांधी को इस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के अध्यक्ष डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार, सोनिया गांधी की हालत अब स्थिर है। उन्होंने कहा, उन्हें छुट्टी दे दी गई है और अस्पताल से बाहर रहते हुए उनका उपचार जारी रहेगा। डॉ. एस नंदी और डॉ. अमिताभ यादव सहित सोनिया का उपचार करने वाले वरिष्ठ चिकित्सकों ने कहा कि उन पर इलाज का अच्छा असर हुआ है।



चिकित्सकों ने एक विज्ञप्ति में कहा, उन्हें पेट में संक्रमण के कारण भर्ती कराया गया था, जिसे दवाओं से नियंत्रित कर लिया गया है। उनकी हालत में सुधार हुआ है और अस्पताल बाहर रहते हुए उनकी सेहत पर निगरानी रखी जाएगी। उन्हें पिछले रविवार को अस्पताल के उदर एवं आंत्रशोध विभाग विभाग में भर्ती कराया गया था।

# उत्तर प्रदेश में मॉनसून ने दी दस्तक, ऑरेंज अलर्ट हुआ जारी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। मॉनसून की दस्तक देने के बाद मौसम में फिर बदलाव हुआ है। बुधवार को राज्य के कई जिलों में भारी बारिश हुई है। इस बारिश के कारण तापमान में गिरावट देखने को मिली है। बुधवार को उत्तर प्रदेश में मौसम सुहाना हो गया है। यहां बारिश का सिलसिला और तेज हो गया है।



मौसम विभाग के मुताबिक आगामी तीन दिनों तक राज्य में भारी बारिश की संभावना है। 24 जून तक बारिश का दौर जारी रहने वाला है। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी। बादल गरजने के साथ बिजली गिरने की चेतावनी भी मौसम विभाग ने जारी की है। राज्य के दोनों संभागों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश के कुछ भागों से मॉनसून आगे आ चुका है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों संभागो में बारिश हो सकती है। इसका असर वाराणसी और गोरखपुर समेत कई जिलों में देखने को मिलेगा।

बादल गरजने के साथ बिजली गिरने की संभावना भी है। 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से जोरदार हवाएं चलेंगी। 20 से 22 जून तक राज्य के कई इलागों में बारिश होगी। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, बागपत, मेरठ, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर, औरैया, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, हमीरपुर, बांदा और चित्रकूट में कई जगहों पर तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। इस दौरान बादल भी गरजेंगे। मौसम विभाग की मानें तो राज्य में इस समय पश्चिम बंगाल के गंगा तट के पास निम्न दबाव का क्षेत्र बना है। ये उत्तर पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ेगा। 30 जून तक मॉनसून पूरे राज्य में पैर पसार लेगा। मॉनसून के आने से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

# एअर इंडिया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े विमानों परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती करेगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, एअर इंडिया ने बुधवार को घोषणा की कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े विमानों के परिचालन में 15 प्रतिशत की कटौती करने वाली है। यह कटौती मौजूदा समय से जुलाई के मध्य तक लागू रहेगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन को सुरक्षा जांच के बढ़ने और ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण परिचालन संबंधी व्यवधानों का सामना करना पड़ रहा है। अहमदाबाद से उड़ान भरने के तुरंत बाद लंदन गैटविक जा रहे बोइंग 787-8 विमान के 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद एयरलाइन को खासकर बी787-8/9 विमानों की जारी सुरक्षा जांच के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में व्यवधान का सामना करना पड़ा है।




एयरलाइन ने विदेशी उड़ानों में अस्थायी कटौती से प्रभावित होने वाले यात्रियों से असुविधा के लिए खेद जताया है। इसके अलावा, एयरलाइन अतिरिक्त एहतियात के तौर पर बोइंग 777 विमानों के लिए सुरक्षा जांच को बढ़ाएगी।

एअर इंडिया ने हाल में परिचालन संबंधी व्यवधानों का सामना किया है, पिछले छह दिनों में इसकी कम से कम 83 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। देर शाम जारी बयान में एअर इंडिया ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव, यूरोप और पूर्वी एशिया के कई देशों के हवाई क्षेत्रों में रात्रि कर्फ्यू के कारण व्यवधान उत्पन्न हुए हैं तथा सुरक्षा जांच में वृद्धि की जा रही है।

बयान में कहा गया है कि इंजीनियरिंग स्टाफ और एअर इंडिया के पायलटों द्वारा आवश्यक सावधानी बरती जा रही है। बयान के अनुसार, एअर इंडिया के समक्ष उत्पन्न जटिल परिस्थितियों को देखते हुए हमारे परिचालन की स्थिरता, बेहतर दक्षता सुनिश्चित करने तथा यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए एअर इंडिया ने अगले कुछ सप्ताह के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े विमानों की उड़ान सेवाओं में 15 प्रतिशत की कटौती करने का निर्णय लिया है।

प्रभावित होने वाली उड़ानों की संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी तत्काल पता नहीं चल सकी है। एयरलाइन को 12 जून को बड़े आकार के विमानों के साथ 90 उड़ानें संचालित करनी थी। एअर इंडिया तीन बड़े विमान - बोइंग 787-8/9, बोइंग 777 और ए350 का परिचालन करती है।

## संक्षेप

### कनिष्क सहायक की 29 जून को भर्ती परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) की कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्तर-तीन के 5512 पदों पर भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 29 जून (रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। इस भर्ती की प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी अपने परीक्षा जिले की जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। प्रवेश पत्र अभी जारी नहीं किए गए हैं। आयोग इसके बारे में समय पर वेबसाइट के माध्यम से सूचना देगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए वैध प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है।

### यूपी में बिजली निजीकरण उपभोक्ता परिषद ने मसौदा सार्वजनिक करने की मांग की

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग से पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्काम के 42 जिलों की बिजली के निजीकरण का मसौदा सार्वजनिक करने की मांग की है। इस संबंध में परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बुधवार को आयोग में जनहित प्रस्ताव दाखिल किया। वर्मा ने निजीकरण के मसौदे पर सवाल उठाते हुए कहा कि निजी घरानों को फायदा पहुंचाने वाले मसौदे को रद किया जाए।

### छात्रवृत्ति घोटाले में फर्जी कालेज का निदेशक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड की मान्यता के नाम पर गाजीपुर में फर्जी कालेज खोलकर 47.63 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति घोटाले के मामले में फरार आरोपित को आर्थिक अपराध अनुसंधान (ईओडब्लू) की टीम ने लखनऊ से गिरफ्तार किया है। इस घोटाला में पहले बोर्ड के कार्यवाहक रजिस्ट्रार विनोद यादव और दो बाबुओं को भी गिरफ्तार किया गया था।

# स्कॉर्पियो की टक्कर से जिग्गी की मौत, वृद्ध दंपति आहत.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज । निगोहा के हरिहरपुर पटसा गांव में रहने वाले एक वृद्ध दंपति का पालतू जिग्गी नाम के कुत्ते को तेज रफ्तार पुलिस की स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई कुत्ते की मौत से परेशान वृद्ध दंपति ने निगोहा पुलिस को इसकी सूचना दी वही पुलिस टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो का पता लगाने की बात कहकर दंपति को शांत कराया वही दंपति ने कहा यदि निगोहां पुलिस आरोपी स्कॉर्पियो चालक पर कार्यवाही नहीं करती है तो वो पुलिस अधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे थाना निगोहा के पटसा गांव में रहने वाले वृद्ध के.एस. द्विवेदी ने बताया कि निगोहां सुंदौली मार्ग पर वह अपनी पत्नी मधुलता के साथ रहते है पिछ्ले कई बर्ष पहले एक नवजात कुत्ते के बच्चे को लाए थे उसे अपने बच्चे की तरह पाल पोश कर बड़ा किया था और एक बच्चे की तरह से उसका ख्याल रखते थे वही पालतू जिग्गी भी दंपति के साथ बच्चे की तरह दुलार करते थे। वही बुधवार शाम अचानक पालतू कुत्ता घर के दरवाजे से निकला था वही दंपति का आरोप है कि सुंदौली की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पुलिस स्कॉर्पियो ने उनके पालतू कुत्ते को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई इसके बाद दंपति ने पूरे मामले की शिकायत निगोहा पुलिस से की पर सूचना के बाद पुलिस मौके पर जाने के बजाए जांच का आश्वासन देकर स्कॉर्पियो का पता लगाने के बाद कार्यवाही की बात कही है इस संबंध में निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि शिकायत मिली है दो जिलों की सीमा का मामला है स्कॉर्पियो का पता लगाया जा रहा है।

### जिग्गी की मौत से वृद्ध दंपति आहत है......

वृद्ध दंपति ने बताया कि वो यहां पर अकेले रहते थे और जिग्गी ही रात दिन घुले मिले रहने का उनका एकमात्र सहारा था जिसे उन्होंने बच्चे की तरह पाला था पूरे दिन वो उसे बेल्ट के सहारे बांध कर भी रखते थे बुधवार चंद मिनटों के लिए घर से बाहर निकला था तभी तेज रफ्तार पुलिस स्कार्पियो ने रौंदकर कर उसकी जान ले ली दंपति की मांग है कि जिग्गी को मारने वाले को उसकी सजा मिलनी चाहिए।

### सई नदी के किनारे ले जाकर जिग्गी का किया अंतिम संस्कार......

वृद्ध दंपति ने बताया जिग्गी की मौत के बाद वो इतने परेशान थे ।कि उनकी समझ में ही नहीं कुछ आ रहा था कि वो क्या करे पुलिस को भी सूचना दी पर पुलिस भी मौके पर नहीं आई इसके बाद शव ले जाकर सई नदी के किनारे उसका अंतिम संस्कार कर दिया वही जिग्गी की मौत के बाद से वृद्ध दंपति के घर खाना पीना भी नहीं बना दंपति की दवाएं भी चल रही है।

# मोहनलालगंज तहसील परिसर में बने ईवीएम वेयरहाउस का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी विशाखा, पाई गई चाक चौबंद व्यवस्था

राजनीतिक दलों के पदाधिकारी समेत कई जनप्रतिनिधि रहे मौजूद.......



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज तहसील परिसर में बनाए गए ईवीएम वेयरहाउस का गुरुवार को लखनऊ के जिलाधिकारी विशाखा ने औचक निरीक्षण किया इस दौरान वेयरहाउस में रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा रखरखाव एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने संतोष जताया और कहा कि मशीनों की रख-रखाव की व्यवस्था चाकचौबंद होनी चाहिए ताकि किसी भी तरह की शंका की कोई गुंजाइश न रहे इस निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारी निगोहां मंडल अध्यक्ष ललित सिंह मोहनलालगंज मंडल अध्यक्ष चक्रवीर सिंह बेटू तथा क्षेत्र के कई ग्राम प्रधान और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे, जिन्होंने व्यवस्था को देखा और संतोष प्रकट किया निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला, तहसीलदार रामेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलदार वधुन्धरा सिंह नायब तहसीलदार शैव्या मिश्रा नायब तहसीलदार गुरुप्रीत नगर पंचायत अधिकारी ईओ अंकिता पटेल तथा मोहनलालगंज पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है, और इसी उद्देश्य से ईवीएम वेयरहाउस की समय-समय पर मॉनिटरिंग की जाती है उन्होंने यह भी कहा कि सभी राजनीतिक दलों को बराबर विश्वास में लेना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रधानों ने भी अपनी संतुष्टि जताई और जिलाधिकारी द्वारा की गई पहल की सराहना की।

# खत्म हो गई बचपन की प्रेम कहानी : प्रेमिका ने प्रेमी के घर में फंदा लगाकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जिस प्रेम कहानी को खत्म करने के लिए शादी के 18 साल बाद पति ने बेटे के साथ मिलकर प्रेमी की हत्या की थी, उसका आखिर अध्याय भी बृहस्पतिवार को खत्म हो गया। पति व बेटे के बांके व चाकू से प्रेमी की निर्मम हत्या से आहत प्रेमिका ने भी फांसी के फंदे पर झूलकर मौत को गले लगा लिया। प्रेमी की मौत के बाद से उसने खाना पीना भी बंद कर दिया था। और वह गुमसुम अवस्था में रह रही थी।

बचपन से ही दोनों के प्रेम संबंध थे, घर वालों के दबाव में दोनों ने शादी तो कर ली थी लेकिन एक दूसरे का साथ नहीं छोड़ पाए थे। अब प्रेमी की मौत बाद प्रेमिका ने भी दुनिया छोड़ दी।

### चौथे दिन प्रेमिका ने भी आत्महत्या कर ली

रहीमाबाद इलाके में प्रेमी संजय और प्रेमिका मीरा की दास्तां चर्चा में है। प्रेमी संजय की हत्या के चौथे दिन खत्म हो गई बचपन की प्रेम कहानी प्रेमिका ने प्रेमी के घर में फंदा लगाकर दी जान।



मृतका मीरा फाइल – फोटो

इस घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया। यह कहानी शुरू हुई थी करीब 25 साल पहले ठाकुरगंज इलाके से और खत्म हुई रहीमाबाद के ग्राम पंचायत मवई कला के मजरा हामिद खेड़ा में। इस प्रेम कहानी का खौफनाक अंत हुआ। रविवार रात, कैब ड्राइवर संजय की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी, जिसमें उसकी प्रेमिका मीरा के पति सुनील और बेटे दिव्यांशु का हाथ था। हत्या के बाद सुनील और दिव्यांशु जेल चले गए, और अब मीरा के पास कुछ नहीं बचा था।

### प्रेमी की दी हुई साड़ी से लगाई फांसी

बृहस्पतिवार दोपहर को मीरा ने भी अपना जीवन खत्म कर दिया। वह अपने प्रेमी की हत्या के बाद से ही टूट चुकी थी और अब उसके पास जीने का कोई उद्देश्य नहीं था। मीरा की आत्महत्या ने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। मीरा की मां ने नहीं, बल्कि प्रेमी की मां रामदुलारी ने बताया कि मीरा और संजय की पत्नी रानी संजय के दसवें संस्कार के लिए इंतजाम में लगी थीं। इसी बीच, मीरा ने घर के बगल में बने फूस के बंगले में जाकर बांस में साड़ी के फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. रामदुलारी ने जब मीरा को फंदे से झूलते देखा, तो वह जोर-जोर से चिल्लाईं और चाकू से साड़ी को काटकर मीरा के गले में बंधे फंदे को काटकर मुंह पर पानी डाला लेकिन तब तक मीरा की मौत हो चुकी थी। जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि मीरा ने जिस साड़ी से फांसी लगाई थी वह उसे संजय ने दी थी। सूचना पर पहुंची रहीमाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अवैध कब्जा हटवाने पर भड़के विधायक, प्रधान ने दिखाया प्रशासन को आईना!......

## धरने से डरे अफसर, हटाया कब्जा....

विधायक ने फोन कर लगाई अधिकारियों को फटकार आखिरकार क्यों हटाया कब्जा किसके आदेश पर हटा कब्जा.......

अमन लेखनी समाचार/सौरभ सिंह



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र के नदौली गांव में पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर हुए अवैध कब्जे को लेकर बीते मंगलवार को एक बड़ा प्रशासनिक घटनाक्रम सामने आया कुछ अराजक तत्वों द्वारा पंचायत भवन के गेट पर गुमटी और छप्पर रखकर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था ग्रामीणों ने इस मामले में मौजूदा ग्राम प्रधान रीना सिंह से लिखित शिकायत की थी कि पंचायत भवन के गेट को तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए ग्राम प्रधान ने इस मुद्दे को कई बार तहसील समाधान दिवस में उठाया और संबंधित अधिकारियों को भी लिखित शिकायती पत्र दिए, लेकिन अधिकारियों ने इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया लगातार अनदेखी से नाराज होकर ग्राम प्रधान रीना सिंह ने विकासखंड कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग में हलचल मच गई आनन-फानन में तहसीलदार रामेश्वर, एसीपी रजनीश वर्मा और विकासखंड अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रधान संघ के प्रतिनिधियों को समझाने का प्रयास किया कड़ी बातचीत और आश्वासन के बाद प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि अवैध कब्जा तत्काल हटाया जाएगा इसके बाद प्रधान संघ के लोगों ने धरना समाप्त किया मंगलवार की शाम तहसीलदार रामेश्वर की अगुवाई में पुलिस व राजस्व कर्मियों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर पंचायत भवन के गेट से अवैध कब्जा हटवाया और परिसर को पूर्ण रूप से मुक्त कराया।

इस कार्रवाई की स्थानीय जनता ने सराहना की हालांकि मामला यहीं नहीं रुका क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत को जब इस कार्रवाई की जानकारी हुई तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जमकर फटकार लगाई और सवाल किया कि कब्जा क्यों हटवाया गया विधायक का यह रवैया अब विवाद का विषय बन गया है इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है अब क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर प्रशासन प्रधान संघ के दबाव में काम करेगा या सत्ता पक्ष के विधायक के निर्देशों पर यह प्रकरण न केवल प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है बल्कि राजनीतिक हस्तक्षेप की भी गंभीर तस्वीर प्रस्तुत करता है।

# उत्तर प्रदेश में बिजली आपूर्ति और सबस्टेशनों में हुई रिकॉर्ड बढ़ोतरी, योगी सरकार में हर घर हुआ रोशन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बीते आठ वर्षों में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को ऐसा स्वरूप दे दिया है, जिसकी आज पूरे देश में सराहना हो रही है। हर गांव, हर घर तक बिजली पहुंचाने का वादा अब जमीनी हकीकत बन चुका है। योगी सरकार के दोनों कार्यकाल में अब तक 1.78 करोड़ से अधिक विद्युत संयोजन निर्गत किए जा चुके हैं। इसमें प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश में सर्वाधिक कनेक्शन यूपी से दिए गए, जिसके लिए भारत सरकार ने प्रदेश को विशेष पुरस्कार भी प्रदान किया। 2017 में प्रदेश के उपभोक्ताओं की कुल संख्या जहां 1.42 करोड़ थी, वह मार्च 2025 तक बढ़कर 3.61 करोड़ पहुंच चुकी है। इसमें से 3.56 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को मीटर्ड बिल दिया जा रहा है, जो पहले महज 1.08 करोड़ को ही मिलता था।

### उत्तर प्रदेश अब उजाले का राज्य

उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के चेयरमैन आशीष गोयल ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की बिजली व्यवस्था में जो बुनियादी सुधार हुए हैं, उनसे न सिर्फ आपूर्ति बढ़ी है, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है। अब उत्तर प्रदेश अंधेरे का नहीं, उजाले का राज्य है।₹ उन्होंने कहा, ₹हमने सिर्फ बिजली पहुंचाने का काम नहीं किया, बल्कि एक सशक्त, भरोसेमंद और तकनीकी रूप से उन्नत प्रणाली विकसित की है। हर घर तक निर्बाध बिजली पहुंचाना ही हमारा ध्येय है।₹

### हर घर बिजली, हर मजरा हुआ रोशन

2017 तक प्रदेश में केवल 1.28 लाख मजरे विद्युतीकृत थे। 2017 से मार्च 2025 के बीच 1.21 लाख से अधिक मजरों को जोड़ते हुए शत-प्रतिशत विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा किया गया। अब प्रदेश के 2,49,818 मजरे पूरी तरह रोशन हो चुके हैं। इससे ग्रामीण अंचल में रहने वाले अन्नदाता किसानों के जीवनस्तर में बड़ा बदलाव आया है।

### बिजली बचत और विश्वसनीयता बढ़ी

जहां 2017 में लाइन हानि 21.47% थी, वह मार्च 2025 में घटकर 15.54% तक आ गई। इसी तरह, तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियां भी 32.80% से घटकर 16.50% पर आ गई हैं। यह सुधार पारदर्शी मीटरिंग, बेहतर लाइन रखरखाव और निगरानी से संभव हुआ।

# यात्रीगण ध्यान दें! लखनऊ जंक्शन-गोरखपुर एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें रहेंगी निरस्त

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोरखपुर की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए अगले माह दिक्कत हो सकती है। रेलवे गोंडा-बाराबंकी रेलखंड के कर्नलगंज-सरयू-जरवल रोड-घाघराघाट स्टेशनों की तीसरी लाइन को कमीशन करेगा। इस कारण गोरखपुर रूट की कई ट्रेनों का संचालन अगले माह प्रभावित होगा।

ट्रेन नंबर 15031/32 लखनऊ जंक्शन-गोरखपुर एक्सप्रेस एक से चार जुलाई तक, 15070 ऐशबाग-गोरखपुर एक्सप्रेस एक से चार जुलाई व 15069 गोरखपुर-ऐशबाग एक्सप्रेस दो से पांच जुलाई तक निरस्त रहेगी। इसी तरह ट्रेन 15081/82 गोमतीनगर-गोरखपुर एक्सप्रेस एक से चार जुलाई तक, 15033/34 लखनऊ-पाटलिपुत्र एक्सप्रेस भी एक से चार जुलाई तक निरस्त रहेगी। छपरा-मथुरा एक्सप्रेस 25, 27, 30 जून, दो व चार जुलाई को लखनऊ न आकर वाराणसी-प्रयागराज-कानपुर होकर जाएगी।

### अयोध्या होकर चलेंगी ये ट्रेनें

तिरुवनंतपुरम उत्तर से 22 जून से एक जुलाई तक आरंभ होने वाली 12512 तिरुवनंतपुरम उत्तर गोरखपुर एक्सप्रेस - यशवंतपुर से 23 व 30 जून को आरंभ होने वाली 12592 यशवंतपुर गोरखपुर एक्सप्रेस - एनार्कुलम से 27 जून को आरंभ होने वाली 12522 एनार्कुलम-बरौनी एक्सप्रेस

यशवंतपुर से दो जुलाई को प्रस्थान करने वाली 22534 यशवंतपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस

मथुरा से 25, 27 व 30 जून को चलने वाली 15110 मथुरा-छपरा एक्सप्रेस

चंडीगढ़ से 25, 29 जून व दो जुलाई को आरंभ होने वाली 15904 चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस

गोरखपुर से 28 जून को आरंभ होने वाली 11080 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस

गोरखपुर से 26, 27, 29, 30 जून, एक व चार जुलाई को चलने वाली गोरखपुर-पनवेल एक्सप्रेस

गोरखपुर से 25 जून व दो जुलाई को आरंभ होने वाली 15067 गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस

गोमतीनगर से 30 जून को चलने वाली गोमतीनगर-कामाख्या एक्सप्रेस

एक जुलाई की लखनऊ जंक्शन-बरौनी एक्सप्रेस

एक जुलाई को दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्कक्रांति एक्सप्रेस

एक जुलाई को गोरखपुर-बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस

एक, तीन व चार जुलाई को सहरसा-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस

एक से चार जुलाई तक मुजफ्फरपुर-आनंद विहार सप्तक्रांति एक्सप्रेस

एक जुलाई को गोरखपुर-एलटीटी कुशीनगर एक्सप्रेस

30 जून को लालगढ़ से चलने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस

एक जुलाई को जम्मूतवी से आरंभ होने वाली जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस

दो जुलाई को जम्मूतवी से आरंभ होने वाली जम्मूतवी-गुवाहाटी एक्सप्रेस

27 जून को गोमतीनगर-गोड्डा एक्सप्रेस

चार जुलाई को 12511 गोरखपुर-तिरुवनंतपुरम उत्तर एक्सप्रेस

तीन जुलाई को आरंभ होने वाली बरौनी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस

### लखनऊ में निरस्त होंगी ये ट्रेनें

दो जुलाई को आरंभ होने वाली ग्वालियर-बलरामपुर सुशासन एक्सप्रेस लखनऊ में निरस्त होगी, यह ट्रेन तीन जुलाई को बलरामपुर की जगह लखनऊ से ग्वालियर को रवाना होगी। बांद्रा-गोरखपुर सुपरफास्ट 30 जून को गोमतीनगर में निरस्त होगी, यह ट्रेन एक जुलाई को गोरखपुर से ही रवाना की जाएगी।

# महिला कल्याण विभाग ने कराया सत्यापन तो खुल गई पोल, 40 हजार अपात्र महिलाएं ले रहीं थी विधवा पेंशन

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ : पति की मृत्यु के बाद मिलने वाली महिला पेंशन योजना में 40 हजार अपात्र महिलाएं भी लाभ ले रही थीं। विभाग के सत्यापन में यह हकीकत सामने आई है। जिसके बाद संबंधित महिलाओं के नाम पात्रों की सूची से काट दिए गए हैं। अब विभाग शेष लाभार्थियों को चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तीन माह की किस्त जारी करने की तैयारी कर रहा है।

विधवाओं की सहायता के लिए प्रदेश सरकार निराश्रित महिला पेंशन का संचालन कर रही है। योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र वाली विधवा महिलाओं को वर्तमान में मासिक पेंशन के रूप में एक हजार रुपये की राशि दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में योजना के तहत 35.30 लाख विधवा महिलाओं को योजना का लाभ दिया गया था।

अपात्रों के भी लाभ लेने की शिकायतों के बाद महिला कल्याण विभाग ने मई में लाभार्थियों का सत्यापन कराया था। सत्यापन के लिए जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक लाभार्थियों को डाटा उपलब्ध कराया गया था। 25 मई तक हुए सत्यापन में सामने आया कि पेंशन लेने वालों की सूची में 40 हजार अपात्र महिलाओं के भी नाम शामिल थे।

निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर ने बताया अपात्रता के जो मामले मिले हैं, उनमें अधिकांश महिलाओं की मृत्यु हो चुकी है। कुछ मामले ऐसे भी हैं, जिनमें महिलाओं ने पुनर्विवाह कर लिया और उसके बाद भी उनका नाम पेंशनरों की सूची में शामिल था। ऐसे सभी नामों को अब लाभार्थियों की सूची से हटा दिया गया है। अपात्रों के नाम पर कितनी पेंशन ली गई, इसकी भी जानकारी की जा रही है। वहीं पात्र पेंशनरों को जुलाई में तीन माह की पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

अपात्रों के भी लाभ लेने की शिकायतों के बाद महिला कल्याण विभाग ने मई में लाभार्थियों का सत्यापन कराया था। सत्यापन के लिए जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक लाभार्थियों को डाटा उपलब्ध कराया गया था। 25 मई तक हुए सत्यापन में सामने आया कि पेंशन लेने वालों की सूची में 40 हजार अपात्र महिलाओं के भी नाम शामिल थे। निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर ने बताया अपात्रता के जो मामले मिले हैं, उनमें अधिकांश महिलाओं की मृत्यु हो चुकी है। कुछ मामले ऐसे भी हैं, जिनमें महिलाओं ने पुनर्विवाह कर लिया और उसके बाद भी उनका नाम पेंशनरों की सूची में शामिल था। ऐसे सभी नामों को अब लाभार्थियों की सूची से हटा दिया गया है। अपात्रों के नाम पर कितनी पेंशन ली गई, इसकी भी जानकारी की जा रही है। वहीं पात्र पेंशनरों को जुलाई में तीन माह की पेंशन का भुगतान किया जाएगा।

# जेलों में बढ़ेगी निगरानी, महिला बंदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। जेलों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाएगा। नए डीजी जेल पीसी मीणा ने अधीनस्थों के साथ पहली समीक्षा बैठक में जेलो की निगरानी के साथ ही निर्माण कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराए जाने पर जोर दिया।

कारागार मुख्यालय में वरिष्ठ अधीक्षकों व अधीक्षकों के साथ की बैठक में डीजी ने निमार्णाधीन जेलों की प्रगति की भी समीक्षा की। बंदियों के सुधारात्मक प्रयासों को और प्रभावी ढ़ंग से लागू कराए जाने व महिला बंदियों के लिए समुचित सुविधाएं व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया। जेलों में ओवर क्राउडिंग की समस्या समेत अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर महानिरीक्षक कारागार प्रशासन धर्मेंद्र सिंह, डीआइजी कारागार मुख्यालय पीएन पांडेय व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कारागार मुख्यालय में वरिष्ठ अधीक्षकों व अधीक्षकों के साथ की बैठक में डीजी ने निमार्णाधीन जेलों की प्रगति की भी समीक्षा की। बंदियों के सुधारात्मक प्रयासों को और प्रभावी ढ़ंग से लागू कराए जाने व महिला बंदियों के लिए समुचित सुविधाएं व सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया। जेलों में ओवर क्राउडिंग की समस्या समेत अन्य प्रमुख बिंदुओं पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर महानिरीक्षक कारागार प्रशासन धर्मेंद्र सिंह, डीआइजी कारागार मुख्यालय पीएन पांडेय व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# योग जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंड़ी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। पूरे विश्व और भारत में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्नाव जनपद में भी योग सप्ताह का आयोजन जोर-शोर से किया जा रहा है। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने आज जनपद मुख्यालय पर योग जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में भारी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठन और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीएम गौरांग राठी ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अनमोल देन है, जो केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है और अब यह एक जन आंदोलन बन चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जनपद के प्रत्येक कोने में प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डीएम ने बताया कि आज की रैली का उद्देश्य जन-जन तक यह संदेश पहुंचाना है कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी लोग जहाँ भी हों, वहीं योगाभ्यास करें और इस महाअभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए लोगों को योग के प्रति जागरूक करती रही। रैली के प्रतिभागियों के हाथों में योग के महत्व को बताने वाले पोस्टर और बैनर थे। रैली में स्कूली बच्चों द्वारा "योग करें, निरोग रहें" जैसे नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया गया। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनपद के सभी ब्लॉक मुख्यालयों और तहसील स्तर पर भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ सकें। डीएम गौरांग राठी ने अंत में सभी नागरिकों से अपील की कि योग को अपने जीवन में अपनाएं और शारीरिक, मानसिक तथा आत्मिक रूप से स्वस्थ जीवन जीएं।

# आईजी ने जनपद में किया दौरा बोले गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण से ही बनेगी मजबूत पुलिस व्यवस्था

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा ने गुरुवार को उन्नाव का दौरा किया। उन्होंने पुलिस लाइन, रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर और फायर ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन स्थित RTC में IG ने नए रंगरूट सिपाहियों के प्रशिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने रंगरूटों के अनुशासन, शारीरिक अभ्यास, अध्ययन, आवास, भोजन और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को देखा। कऋ ने कहा कि प्रशिक्षु पुलिसकर्मी भविष्य की कानून व्यवस्था की नींव हैं। उन्होंने RTC के नव निर्मित क्लास हॉल का उद्घाटन भी किया। कऋ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में व्यवहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता पर ध्यान दें। साइबर अपराध की समझ और मानवाधिकारों से जुड़े विषयों को भी शामिल करें। दोस्ती नगर स्थित फायर ट्रेनिंग सेंटर में IG ने अग्निशमन दल के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बदलते समय में फायर विभाग की जिम्मेदारियां बढ़ी हैं। आगजनी और रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का प्रशिक्षण जरूरी है। निरीक्षण के दौरान एसपी दीपक भूकर, एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ प्रेम चंद्र, सीओ सिटी सोनम सिंह और सीओ प्रदीप मौर्य मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने IG को प्रशिक्षण केंद्रों की विस्तृत जानकारी दी। IG गाबा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए सेवा, समर्पण, सतर्कता और अनुशासन को पुलिस सेवा की आत्मा बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता पुलिसकर्मियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण व समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराना है। भविष्य में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रोफेशनल, संवेदनशील व जनसामान्य के हित में बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### दिल्ली से लौटे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के रैयामऊ गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। दिल्ली से लौटे 25 वर्षीय संदीप गौतम ने बुधवार की रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संदीप बुधवार की दोपहर ही दिल्ली से गांव लौटा था। रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद, जब उसके पिता और बहन छत पर सोने चले गए, तब उसने घर के अंदर जाल में रस्सी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पिता मूलचंद ने जब बेटे का शव लटकता देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक तीन भाइयों में से दूसरे नंबर पर था। उसका बड़ा भाई दीपक महाराष्ट्र में काम करता है और छोटा भाई सुभाष बनारस में गमला बनाने का काम करता है। संदीप बनारस से बीस दिन पहले दिल्ली गया था। वहां उचित काम नहीं मिलने पर वह गांव लौट आया था। परिवार के अनुसार, तीन साल पहले संदीप की मां सुधा की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। पिता का कहना है कि वह अक्सर मां की याद में रोता रहता था। मृतक की बहन संगीता पिता के साथ घर पर रहती है। थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई

### आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला समेत 6 बकरियों की मौत, एक महिला घायल

सफीपुर, उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव बक्स खेड़ा गांव में गुरुवार शाम तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। इस हादसे में छह बकरियों की भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया है। शिव बक्स खेड़ा गांव निवासी रामराज की पत्नी ज्योति (35) तथा उनके पड़ोसी नरेश की पत्नी शकुंतला (40) सोमवार को दोपहर बाद अचानक तेज बारिश शुरू होने पर खेतों से बकरियां लेकर वापस लौट रही थीं। बारिश तेज होती देख दोनों महिलाएं नजदीक के एक बड़े पेड़ के नीचे जाकर खड़ी हो गईं ताकि बारिश से बच सकें इसी दौरान अचानक तेज गरज के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर आ गिरी। इसकी चपेट में आने से ज्योति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शकुंतला गंभीर रूप से झुलस गई। साथ ही उनके साथ खड़ी छह बकरियां भी बिजली की चपेट में आकर मौके पर ही मर गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ-साथ गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने आनन-फानन में शकुंतला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माखी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ज्योति के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उधर, तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया और पीड़ित परिजनों को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

# जमीन के नाम पर 37 लाख की ठगी, चेक बाउंस केस में महिला को एक साल की सजा और 43.80 लाख का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जमीन बेचने के नाम पर 37 लाख रुपये की ठगी और चेक बाउंस के मामले में दोषी पाई गई महिला कामिनी यादव को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 43.80 लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है, जिसमें से 43.66 लाख रुपये पीड़ित को देने और शेष सरकारी खजाने में जमा करने का आदेश दिया गया है। यह मामला पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मझिगवां सदकू गांव निवासी संदीप शुक्ला से जुड़ा है, जो मेसर्स संदीप शुक्ला फर्म के प्रोपराइटर हैं। वर्ष 2020 में सदर कोतवाली के मोहल्ला किशोरीखेड़ा निवासी नीरज यादव ने मोहल्ला कब्बाखेड़ा में एक प्लॉट दिखाया और उसकी पत्नी कामिनी यादव ने बतौर अग्रिम भुगतान 37 लाख रुपये प्राप्त किए। प्लॉट की रजिस्ट्री की मांग पर टालमटोल करने के बादजब संदीप ने अपने रुपये वापस मांगे, तो कामिनी ने 30 जनवरी 2021 को मेसर्स न्यू गायत्री कंस्ट्रक्शन कंपनी के नाम से एक चेक दिया, जो दो फरवरी 2021 को बैंक में बाउंस हो गया। नोटिस भेजे जाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद संदीप शुक्ला ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि यादव द्वितीय की अदालत में चले मुकदमे में दोनों पक्षों की दलीलों और साक्ष्यों के आधार पर कामिनी यादव को दोषी करार दिया गया। अदालत ने इस मामले को गंभीर मानते हुए उन्हें कारावास और भारी जुमार्ने की सजा सुनाई। कामिनी यादव समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बहुत करीबी राजेश यादव के छोटे भाई नीरज यादव की पत्नी हैं वो नीरज यादव सपा सरकार में अपने भाई की दम पर अवैध खनन से लेकर कोई ऐसा अवैध काम नहीं था जो इसने न किया हो।

# मौसम ने ली करवट हुई झमाझम बारिश , गर्मी से मिली राहत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ली। शहर में करीब 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। इससे पहले कुछ दिनों से जिले में तापमान लगातार बढ़ रहा था। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर करीब तीन बजे 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में और राहत मिल सकती है। बंगाल की खाड़ी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में बने चक्रवाती दबाव के कारण उत्तर भारत के कई हिस्सों में मौसम बदल रहा है। इसका असर उन्नाव समेत आस-पास के जिलों में भी दिख रहा है। बारिश से बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों को सबसे ज्यादा राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों से तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण इन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता था और लोग घरों में ही रहने को मजबूर थे।

# नाबालिक लड़की को ले जाने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिहार पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना बिहार अन्तर्गत एक गाँव से पीड़ित माँ ने तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री को राकेश कुमार पुत्र राजकिशोर निवासी ग्राम परसण्डा थाना बिहार 13 जून को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। साथ ही घर मे रखे जेवर व घर बनाने के लिए रखे 60 हजार रुपए नगद भी साथ लेकर चली गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को थाना बिहार के उ0नि0 बीरेन्द्र सिंह व हे0का0 संजय कुमार ने वांछित अभियुक्त को मलौना तिराहे से गिरफ्तार कर मा०न्याया० भेज दिया।

# बाइक सवार चचेरे भाईयों को बस ने मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा घायल

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। मऊ क्रासिंग के पास लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर लखनऊ की ओर से आ रही मिनी बस ने बाइक सवार चचेरे भाइयों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर थी की दोनों बाइक समेत बस के नीचे फंस गए। जिन्हे बस के नीचे से निकालकर सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने बाइक चला रहे युवक को मृत घोषित कर दिया।

कानपुर के मछरिया निवासी 18 वर्षीय अनस पुत्र मो रहीश अपने चचेरे भाई कानपुर के ही नवाबगंज निवासी 12 वर्षीय अदनान के साथ बुधवार को बांगरमऊ के मऊ गांव निवासी रिश्तेदार यार मोहम्मद के घर आया था। गुरुवार सुबह बांगरमऊ में घूमने की बात कह दोनों बाइक लेकर निकल गए। घर से चलते ही अभी इनकी बाइक मऊ गांव के बाहर लखनऊ बांगरमऊ मोड़ से घूमी तभी लखनऊ की ओर आ रही मिनी बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी की बाइक बस के नीचे ही फंस गई और दोनों लगभग 20 मीटर तक घिसट गए। यह देख बस चालक ने बस में ब्रेक लगाई और तुरंत मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डाक्टर ने अनस को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अदनान को रेफर कर दिया। सूचना पर सीएचसी पहुंचे स्वजन में चीत्कार मच गई। दिवंगत हेलमेट नहीं लगाए था।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत ,साथी घायल

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। अस्पताल खाना लेकर जा रहे बाइक सवार युवक को लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे सर्विस लाइन ताला सराय गांव के पास बुधवार रात 10 बजे अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए औरास की तरफ भाग निकला ,दोनो घायल को राहगीरो ने औरास सीएचसी में लेकर गए जहां डॉक्टर ने छोटू को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे का इलाज चल रहा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र दरिहट गांव निवासी छोटू 21 वर्ष अपने साथी शिवम को बाइक में बैठाकर लखनऊ में भर्ती पड़ोस के रहने वाले राम पाल की पत्नी को खाना देने जा रहा था अभी यह लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे कि सर्विस लाइन ताला सराय गांव के पास पहुंचा ही था कि सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मारते हुए औरास की तरफ भाग निकला टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीर की सूचना पर एंबुलेंस से औरास सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टर ने छोटू को मृत घोषित कर दिया व दूसरा मामूली घायल शिवम का इलाज चल रहा है मृतक दो भाइयों में बड़ा था बड़ा भाई राजेंद्र, बहन, गंगोला,नीलम सहित मां रो-रो कर बेहाल हो गई। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ला ने बताया कि सर्विस लाइन पर एक युवक की देर रात मौत हुई थी पीछे बैठा साथी घायल है ,मृतक के परिजनों की तरफ से अभी प्रार्थना पत्र नही आया है ,प्रार्थना पत्र आने के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गंगा नदी की सफाई को लेकर नगर पालिका ने चलाया विशेष अभियान

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शुक्लागंज क्षेत्र में गंगा नदी की सफाई को लेकर प्रशासन और नगर पालिका की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मानसून से पहले घाटों की सफाई कर नदी की धारा को अवरोधों से मुक्त किया जा रहा है। आनन्द घाट, बालूघाट, विष्णु घाट सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सफाई कार्य जोरों पर है। अभियान के तहत जेसीबी और अन्य आधुनिक मशीनों की मदद से घाटों की सीढ़ियों पर जमी गंदगी, नदी किनारे पड़ी प्लास्टिक थैलियां, जलकुंभी, फूल-मालाएं और धार्मिक सामग्रियां हटाई जा रही हैं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मशीनों से सफाई का काम पहले की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस सफाई अभियान की सराहना की है। उनका कहना है कि पहले घाटों पर काफी गंदगी रहती थी, जिससे दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बना रहता था। अब घाटों की सफाई नियमित हो रही है, जिससे सौंदर्य भी निखरा है और श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा हुआ है। प्रशासन ने गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है। घाटों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जिनमें साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश और जुमार्ना भरने की चेतावनी दी गई है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस अभियान को गंगा की निर्मलता और अविरलता के लिए अहम कदम माना जा रहा है।

# पुलिस लाइन को मिला आईएसओ का प्रमाण पत्र



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस लाइन को अंतरराष्ट्रीय मानक संगठन आईएसओ का प्रमाणपत्र मिला है। यह लखनऊ रेंज की पहली आईएसओ प्रमाणित पुलिस लाइन बन गई है। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें कैंटीन, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई व्यवस्था और प्रशिक्षण की उचित व्यवस्था शामिल है। आवासीय सुविधाएं, हेल्थ चेकअप और शिकायत निवारण प्रणाली भी मौजूद है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए परिसर में वृक्षारोपण किया गया है। अपशिष्ट प्रबंधन और ऊर्जा संरक्षण के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा और उन्नाव के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त किया। आईजी गाबा ने कहा कि यह उपलब्धि पुलिस की समर्पित कार्यशैली का प्रतीक है। एसपी दीपक भूकर ने बताया कि पुलिस लाइन में सभी सुविधाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की हैं। उनका मानना है कि इससे अन्य जनपदों को भी प्रेरणा मिलेगी। पुलिसकर्मियों का कहना है कि बेहतर माहौल और आधुनिक सुविधाओं से उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी। अब उन्नाव पुलिस लाइन को अन्य जिलों के लिए एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है।

# अनियंत्रित कंटेनर पेड़ से टकराया, बाल बाल बचा चालक



अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग स्थित सुरसेनी गांव के निकट आज गुरुवार शाम चार बजे तकिया की ओर से आ रहे कंटेनर चालक ने सामने से एक पिकअप को बचाने की कोशिश की.जिसके चलते अनियंत्रित कंटेनर सड़क किनारे खड़े एक पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया. और चालक बाल बाल बच गया.दरअसल बनारस जिले के रहने वाले चालक विपिन पुत्र श्री दलवीर सिंह उम्र 36 वर्ष ने बताया कि बनारस से दिल्ली गतता लेकर जा रहा था.इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ़्तार पिकअप को बचाने का प्रयास किया.जिसके चलते कंटेनर अनियंत्रित हो गया और पेड़ से टकरा गया.हालांकि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है.मौके पर पहुंची डायल 112 हेल्पलाइन पुलिस ने जांच पड़ताल कर सुरक्षित चालक को देखकर वाहन को निकलवाने का प्रयास किया ।

# यूरिया का गलत इस्तेमाल को लेकर टीम ने की छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। प्रदेश सरकार के निर्देश पर अनुदानित यूरिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। प्रमुख सचिव, कृषि विभाग के आदेश पर उर्वरक निरीक्षक और उद्योग विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। दो टीमों का गठन किया गया। पहली टीम में जिला कृषि अधिकारी शशांक और सहायक निदेशक उद्योग विभाग रियाजुद्दीन थे। इन्होंने मगरवारा, अकरमपुर, सहजनी और बत्तर क्षेत्र की इकाइयों का निरीक्षण किया। दूसरी टीम में उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश और उपायुक्त उद्योग विभाग करुणा राय ने दही चौकी क्षेत्र की इकाइयों की जांच की। कुल 5 औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण में किसी में भी सब्सिडी वाले यूरिया का प्रयोग नहीं मिला। एक इकाई से टेक्निकल ग्रेड यूरिया का नमूना लिया गया है। इसे जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिला कृषि अधिकारी ने सभी इकाइयों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अनुदानित यूरिया का प्रयोग न करें। ऐसा करने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्रवाई होगी। अधिकारियों ने कहा कि सब्सिडी वाला यूरिया सिर्फ कृषि कार्यों के लिए है। इसका औद्योगिक उपयोग कानून का उल्लंघन है। इससे किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पाती और उन्हें नुकसान होता है।

## सम्पादकीय

# तुर्किये को संदेश देने के साथ ट्रेड व रणनीतिक महत्व भी

विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में शरीक होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोप के द्विपीय देश साइप्रस की दो दिवसीय यात्रा ऐसे समय में की है, जब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किये ने खुले तौर पर पाकिस्तान के साथ दिया। तुर्किये में जब भीषण भूकंप आया था तो भारत ने भरपूर मदद की थी, तुर्किये के साथ भारत के संबंध प्राचीनकाल से है, इसके बावजूद भारत के एहसान को भुला कर तुर्किये ने भारत के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को ड्रोन की मदद की, यह जानते हुए कि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ नहीं बल्कि आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया था। तुर्किये और साइप्रस पड़ोसी देश हैं और दोनों के बीच अदावत है, तुर्किये ने साइप्रस के एक तिहाई हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। वर्ष 1974 के बाद से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध भी नहीं हैं। पीएम मोदी ने जी-7 की बैठक में जाने से पहले साइप्रस की यात्रा कर तुर्किये को दो टूक संदेश दिया है कि अगर वह भारत के खिलाफ रहेगा, तो भारत भी उसके दुखती रग पर हाथ रखेगा। भारत अपने पर्यटकों को साइप्रस जाने के लिए प्रेरित करेगा। साइप्रस भारतीय पर्यटकों के पसंदीदा गंतव्यों में से एक है। करीब 11.5 हजार भारतीय वहां विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत हैं। साइप्रस के आईटी क्षेत्र को भारतीय प्रतिभा मजबूती दे रही है। साइप्रस के साथ संबंध को मजबूत करके भारत अपनी पकड़ इस भूमध्यसागरीय क्षेत्र में मजबूत करेगा। साइप्रस ने जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस-III दिया है, इससे साफ है कि वह खुद भारत के साथ अपने रिश्ते को नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए कितना उत्सुक है। साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने पीएम मोदी को यात्रा के लिए निमंत्रण दिया था। पीएम मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 में अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 2018 में और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 2022 में साइप्रस का दौरा किया था। पीएम की साइप्रस यात्रा का महत्व केवल तुर्किये को संदेश देने भर तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे व्यापक है। इसमें ट्रेड, रणनीतिक साझेदारी, सामुद्रिक सुरक्षा, ऊर्जा सहयोग व आतंकवाद के खिलाफ अभियान भी है। साइप्रस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया है। इस वर्ष भारत-साइप्रस-ग्रीस साझेदारी शुरू हुई है। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) में भी साइप्रस अहम भागीदार है। साइप्रस यूरोपीय संघ (ईयू) का सदस्य देश है। भारत ईयू के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। अगले वर्ष 1 जनवरी से साइप्रस ईयू का अध्यक्ष देश होगा, ऐसे में भारत को एफटीए में मदद मिलेगी। भारतीय कंपनियों व निवेशकों, आईटी क्षेत्र व डिजटेक के लिए साइप्रस यूरोप का प्रवेश द्वार है। भारत व साइप्रस रक्षा, साइबर, समुद्री सुरक्षा, संकट प्रबंधन, पर्यटन, नवाचार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। आतंकवाद, ड्रग्स और हथियारों की तस्करी को रोकने को दोनों देशों की एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र विकसित किया जाएगा। साइप्रस और ग्रीस ने आतंकवाद, कश्मीर, भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता, 1998 के परमाणु परीक्षण सहित प्रमुख मुद्दों पर भारत का समर्थन किया है।



विश्लेषण
उमेश चतुर्वेदी

# साइप्रस यात्रा से तुर्किये को कड़ा संदेश

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है। प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। यह सीधे तौर पर कूटनीतिक जवाब है

ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछा गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई इतनी सटीक क्यों रही? पाकिस्तान की खुफिया सेवा इसे भांप क्यों नहीं पाई, पाकिस्तानी राजनेता और सेना क्यों भारतीय कार्रवाई का अंदाजा नहीं लगा पाए। सवाल खत्म होते ही प्रधानमंत्री ठठाकर हंस पड़े। हंसते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना और राजनीति भारत के विपक्षी दलों की ही तरह हैं। जिस तरह वे मेरे बारे में अंदाजा नहीं लगा सकते, कुछ उसी तरह पाकिस्तानी भी अंदाजा नहीं लगा सकते। दिल्ली में केंद्रीय सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के कदमों को देखिए। हर बार वे चौंकाते रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब समूचा विपक्ष भारत सरकार की विदेश नीति की नाकामी को लेकर मोदी सरकार पर निशाना लगा रहा था, प्रधानमंत्री ने साइप्रस की यात्रा करके देश को चौंका दिया है। भूमध्य सागर के द्वीपीय देश साइप्रस की यात्रा का अचानक से ऐलान होना और कनाडा जाते हुए रास्ते में प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस उतरना और वहां के शीर्ष नेताओं से मिलना भारतीय विदेश नीति का चौंकाऊं फैसला ही है।

देश के शीर्ष नेताओं की विदेश यात्राएं अरसा पहले से तय होती हैं, उसकी जानकारी राजनीति के साथ ही पत्रकारिता को भी होती है। लेकिन प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा अचानक से हुई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा का 14 मई को अचानक ऐलान किया। साइप्रस की राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स से बातचीत भी की। ऐसे में सवाल यह उठ सकता है कि साइप्रस की यह अचानक यात्रा क्यों?

इस सवाल के जवाब में एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुई घटनाओं की ओर लौटना होगा। याद कीजिए, तब पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन के जरिए सैकड़ों हमले किए थे। उन हमलों को बेशक भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। साइप्रस की यात्रा के लिए हमें उन हमलों में इस्तेमाल हुए ड्रोन को देखना होगा। पाकिस्तान ने जिन ड्रोन से हमले किए, ज्यादातर तुर्किये में बने सोनगार ड्रोन थे। हवाई हमलों में तुर्किये के इन ड्रोन को बेहद मारक माना जाता है। हालांकि वे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम के सामने बेकार ही साबित हुए। कूटनीतिक हलकों को पता है कि तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन ने पाकिस्तान को उपलब्ध कराया। अर्दोआन ने पर्दे के पीछे से पाकिस्तान का साथ दिया। इतना ही नहीं, भारत ने जब इस बात को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा तो अर्दोआन ने 'एक्स' पर 'पाकिस्तान-तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' लिखकर एक तरह से भारत के आरोप को साबित कर दिया। इसे भारत को मुंह चिढ़ाना भी कह सकते हैं। यह उस तुर्किये का कदम था, जिसे भारत ने दो साल पहले दिल खोलकर मानवीय आधार पर सहयोग दिया था। छह फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, उस झटके में वहां 53 हजार लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने मानवीय सहायता के साथ ही विशेषज्ञों की टीम के साथ बचाव दल भेजा था। राहत के तुर्किये पहुंचने वाली टीमों में भारत की टीम भी शामिल थी। तुर्किये के राष्ट्रपति ने जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से



दोस्ती को जगजाहिर किया तो उसे भारत के लोगों ने भारत के लिए मुंह चिढ़ाना माना। रही-सही कसर पूरी हुई मई के आखिर में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की तुर्किये की यात्रा से। तब भारत के सामने अर्दोआन के रूख को लेकर कोई गुंजाइश ही नहीं रही। ऐसा नहीं कि पहली बार तुर्किये ने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लेते हुए ऐसा कदम उठाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ समेत कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के पक्ष में अर्दोआन सहयोगी भूमिका पेश करते रहे हैं। इन वजहों से तुर्किये को लेकर भारत में गुस्सा भी बहुत रहा है। कश्मीर पर तुर्किये हर बार पाकिस्तान के साथ ही खड़ा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का साइप्रस दौरा भारत के उसी गुस्से की अभिव्यक्ति और भारत को मुंह चिढ़ाने के अर्दोआन के प्रयासों का जवाब माना जा सकता है। इसकी वजह है कि साइप्रस व तुर्किये के बीच जारी बरसों पुराना विवाद। साइप्रस में यूनानी और तुर्किये मूल के लोग रहते हैं। दोनों समुदायों में नस्ली आधार पर विवाद रहा है। साइप्रस में साल 1974 में तत्कालीन सरकार के खिलाफ यूनानी मूल के आतंकी समूहों ने तख्तापलट की कोशिश की। इसे तुर्किये ने अपने लोगों के खिलाफ युद्ध माना। इसके बाद तुर्किये ने साइप्रस पर हमला कर दिया। इस दौरान तुर्किये की सेनाओं ने साइप्रस के दूसरे नंबर के मशहूर शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया था। यहां तुर्किये की सेना के 35 हजार जवान यहां तैनात हैं। इसके बाद से एक तरह से यह द्वीपीय देश दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्किये के अवैध कब्जे वाले इलाके को उसने राष्ट्र का दर्जा दे रखा है। दिलचस्प है कि इस राष्ट्र के अस्तित्व को तुर्किये के अलावा कोई देश स्वीकार नहीं करता। साइप्रस यूरोपीय संघ का भी सदस्य है और एक जनवरी 2026 से वह संघ का अध्यक्ष बनने जा रहा है। भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। भारत को उम्मीद है कि साइप्रस के अध्यक्ष रहते यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता हो जाएगा। साइप्रस कई मौकों पर भारत की संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट की दावेदारी का समर्थन कर चुका है।

मोदी ने साइप्रस जाकर दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला संदेश तुर्किये के लिए है। भारत ने जता दिया है कि वह साइप्रस को सहयोग देगा और साइप्रस से सहयोग लेगा। वैसे भी साइप्रस के आईटी उद्योग और पर्यटन में भारत के हजारों लोग कार्यरत हैं। साइप्रस स्थित भारतीय हाईकमीशन के मुताबिक साइप्रस में साढ़े ग्यारह हजार लोग रहते हैं। मोदी की साइप्रस यात्रा का दूसरा संदेश भारतीयों के लिए है। पहले भारत से बहुत सारे सैलानी तुर्किये जाते थे, लेकिन अब वे साइप्रस जाएंगे। वैसे पाकिस्तान के सहयोग के खुलासे के बाद से ही तुर्किये के लिए बुक टिकटों को भारतीयों ने कैंसल कराना शुरू कर दिया था। मोदी की कोशिश साइप्रस को बढ़ाकर तुर्किये की आर्थिक रीढ़ पर चोट पहुंचाना है। साथ ही तुर्किये को संदेश देना है कि जरूरत पड़ने पर भारत उसके खिलाफ कड़े कदम भी उठा सकता है।

प्रधानमंत्री ने कनाडा जाते हुए साइप्रस की यात्रा से तुर्किये को भी चौंकाया है। राष्ट्रपति अर्दोआन ने 2021 में कहा था कि साइप्रस की जिम्मेदारी तुर्किये की है। यानी एक तरह से वह साइप्रस के एकीकरण के संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्ताव के खिलाफ हैं। अर्दोआन के कदम का इजरायल कड़ा विरोध करता है। साइप्रस की मौजूदा सरकार के साथ इजरायल मजबूती से खड़ा है। पीएम मोदी की साइप्रस की यात्रा के बाद इजरायल, भारत और साइप्रस संबंधों को भी गति मिलने की संभावना है। दुनिया इन दिनों चीन के 'वन बेल्ट-वन रोड' के जवाब में मध्य पूर्व के देशों के साथ यूरोप 'इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर' यानी आईएमईसी पर काम कर रहा है। भारत-साइप्रस संबंध और मजबूत होंगे।

## एयर इंडिया हादसा
विवेक शुक्ला



# एक स्मारक विमान हादसों के शिकार मुसाफिरों की याद में

राजधानी के इंडिया गेट के करीब पृथ्वीराज रोड पर आपको एक ईसाई कब्रिस्तान दिखाई देता है। नाम है रायल सिमिट्री। इसके अंदर कभी जाइये और घूमिए। इधर पूर्व राष्ट्रपति के.आर. नारायणन और मशहूर मॉडल जेसिका लाल की कब्रों से चंद कदमों की दूरी पर बनी एक कब्र को देखकर आप ठिठकते हैं। ये एक सांकेतिक कब्र उन अभागे मुसाफिरों की है,जो जापान एयर लाइंस के विमान के 14 जून,1972 को हुए हादसे में मारे गए थे। ये विमान बैंकाक से दिल्ली आ रहा था। ये उसी जगह पर गिरा था,जिधर अब आबाद है साउथ दिल्ली का वसंत कुंज। इस हादसे में 82 मुसाफिर मारे गए थे। इसमें पायलट और उनके बाकी सहयोगी भी थे। हादसे के ज्यादातर शिकार यात्री अमेरिका और ब्राजील के नागरिक थे। जापान एयरलाइंस के विमान में ब्राजील की मशहूर फिल्मी हस्ती लैला डिंज और भारत के नामवर कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.के.पी. नरसिंह राव भी सवार थे। इसके अलावा, विमान के गिरने के कारण भी चार लोगों की जान चली गई थी। अभी हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 270 से अधिक मुसाफिरों के अलावा कई वे लोग भी मारे गए हैं, जिन पर विमान के टुकड़े गिरे थे। बहरहाल, रायल सिमिट्री की उस कब्र को देखकर समझ आ जाता है कि अब इधर फूल चढ़ाने के लिए कभी- कभार ही कोई आता होगा। इस पर लिखे शब्द मिट रहे हैं। अब बड़ा सवाल ये है कि क्या विमान हादसों में मारे गए लोगों की याद में स्मारक बने? बेशक, बने तो अच्छा होगा । बेशक विमान हादसों में अपनी जान गंवाने वालों की स्मृति में स्मारक बनाना एक संवेदनशील मुद्दा है। स्मारक एक तो उन लोगों को श्रद्धांजलि होगी जो अकारण मारे गए। यह पीड़ितों के परिवारों और मृतकों के दोस्तों को शोक व्यक्त करने और उनकी स्मृति को जीवित रखने का एक स्थान होगा। दूसरा, इन स्मारकों का एक बड़ा संदेश विमानन सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करना भी होगा कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए बेहतर उपायों की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया जाए। अब से लगभग चालीस साल पहले 23 जून 1985 को हुए एयर इंडिया फ्लाइट 182 (कनिष्क विमान) हादसे का यहां जिक्र करना जरूरी है। यह विमान कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर से लंदन होते हुए दिल्ली और मुंबई जा रहा था, जब आयरिश हवाई क्षेत्र में 31 हजार फीट की ऊंचाई पर एक बम विस्फोट के कारण यह अटलांटिक महासागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कनिष्क विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए, जिनमें भारतीय मूल के 268 कनाडाई नागरिक, 27 ब्रिटिश और 22 भारतीय शामिल थे। इसे आधुनिक कनाडा के इतिहास में सबसे बड़ा आतंकवादी हमला और उस समय तक का सबसे घातक विमानन आतंकवादी घटना माना जाता है। इस भयंकर हादसे के पीड़ितों की याद में दो स्मारक बनाए गए। आयरलैंड में हादसे की पहली बरसी पर 1986 में, एक स्मारक का अनावरण किया गया। यह स्मारक उस स्थान के पास है जहां विमान समुद्र में गिरा था। यह पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने और इस दुखद घटना को याद रखने का प्रतीक है। उधर, कनाडा में भी इस हादसे के पीड़ितों की याद में स्मारक बना। 2015 में, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा गए थे, उन्होंने टोरंटो में इस हादसे के स्मारक का दौरा किया था। इन दोनों स्मारकों में पीड़ितों के परिवार आते-जाते हैं। कनिष्क विमान हादसा खालिस्तानी आतंकवाद से जुड़ा था, और स्मारक इस तरह की आतंकी घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं। इस तरह के स्मारक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे न केवल पीड़ितों को सम्मान देते हैं, बल्कि भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए विमानन सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी उपायों पर ध्यान केंद्रित करने की तरफ इशारा करते हैं। हालांकि, इन्हें बनाते समय पीड़ितों के परिवारों की भावनाओं और सहमति का ध्यान रखना जरूरी है। आयरलैंड और कनाडा में बने स्मारक इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हैं। अगर भारत में भी विमान हादसे में शिकार हुए यात्रियों की याद में स्मारक बनाया जाए तो इसमें कोई बुराई तो नहीं होगी।

# आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाए



संकलित
दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

# भगवान को धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जी एप्स से बचें

हमारे देश में विभिन्न कंपनियों ने एप्स के जरिए लोन देने की व्यवस्था की है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे ही कुछ मिनटों में लोन उपलब्ध हो सके। लेकिन कुछ फर्जी एप्स भी हो सकते हैं। इसके लिए जागरूकता बहुत जरूरी है, ताकि किसी फर्जी एप्स के जरिए लिया गया लोन मुसीबत न बने। जब किसी को आर्थिक संकट आता है, या जब किसी का कोई परिवारजन बीमार होता है या जब किसी गरीब या मिडल क्लास के बच्चे की पढ़ाई का खर्चा पूरा न हो रहा हो या किसी व्यापारी को व्यापार के लिए धन की जरूरत हो तो ऐसे में इन सभी को सरकारी बैंकों या अन्य उचित एप्स से लोन आसानी से न मिल रहा है, तो ऐसे वर्ग के लोग फर्जी लोन एप्स के जंजाल में फंस जाते हैं और मुसीबत में पड़ जाते हैं। इसलिए सरकार को इन फर्जी एप्स से कड़ाई से निपटना चाहिए।

*– मनोज पटेल, धमतरी*

## करंट अफेयर

# चीन ने कहा, हमारा परमाणु भंडार न्यूनतम स्तर पर

चीन ने अपने तेज़ी से बढ़ते परमाणु हथियार भंडार को लेकर सफाई दी है कि यह अब भी उसकी न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप ही है। चीन ने हालांकि अमेरिका और रूस की बराबरी करने के लिए परमाणु होड़ में शामिल होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि वह परमाणु हथियारों की किसी दौड़ में शामिल नहीं है, बल्कि उसकी नीति न्यूनतम प्रतिरोध की है। जानकारी के मुताबिक, चीन हर साल 100 से अधिक नए परमाणु हथियार तैयार कर रहा है और अब उसके पास कुल मिलाकर करीब 600 परमाणु हथियार हो चुके हैं। एक स्वीडिश विचारक संस्था द्वारा सोमवार को जारी



## ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं



## ट्रेंड

### साइप्रस सरकार का आभार



'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मैकारियोस III' से सम्मानित करने के लिए मैं साइप्रस सरकार का आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरा नहीं है, 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। मैं यह पुरस्कार भारत और साइप्रस की चिरस्थायी मित्रता को समर्पित करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहेंगी



गाजा में संचालित सबसे बड़े स्वास्थ्य कर्मियों में से एक है जो वर्तमान में 15,000 दैनिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करता है। स्वास्थ्य टीमें जबरन विस्थापन और महत्वपूर्ण संसाधनों की कमी से घिरे समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना जारी रखती हैं।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### मोदी का गहरा वैश्विक प्रभाव



भारत के किसी भी प्रधानमंत्री का वैश्विक स्तर पर इतना गहरा प्रभाव नहीं रहा। यह कहानी सिर्फ़ एक नेता की नहीं है; यह विश्व मंच पर भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक स्पष्टता को दर्शाती है। यह 140 करोड़ भारतीयों ने पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्वास से संभव हुआ है।

- रेखा गुप्ता, सीएम दिल्ली

### सही चीज चुनना जरूरी



खुशी आपके खुद से बात करने के तरीके, आपके कार्यों के आपके मूल्यों के अनुरूप होने से बनती है। सच्ची खुशी अधिक पाने में नहीं है- बल्कि कम की जरूरत, आभारी होना और अपने लिए सही चीज चुनना है।

-हर्ष गोयनका उद्योगपति

## संक्षेप

### किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का विरोध

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। संगठन के जिलाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मासिक बैठकों में सिटी मजिस्ट्रेट या एसडीएम को ज्ञापन देने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डीएम से मुलाकात का समय नहीं मिला तो 'करो या मरो' के तर्ज पर आंदोलन किया जाएगा। किसानों की प्रमुख मांगों में तालाबों में पानी की कमी, पशुओं के लिए गर्मी में राहत की व्यवस्था और अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा गलत मीटर रीडिंग से किसानों को भारी-भरकम बिल आने की शिकायत भी की गई। रजिस्ट्रार कार्यालय में लिखा-पढ़ी के दौरान 20 से 100 प्रतिशत तक की कमीशन की मांग से क्रेता-विक्रेता परेशान हैं।

### आईएएस बनवाने के नाम पर 36 लाख की ठगी

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, आईएएस बनाने के नाम पर अधिवक्ता ने अपने बेटे और साथियों के साथ मिलकर 35 लाख की ठगी कर डाली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की। कार्रवाई ने होने पर उसने एसपी से कार्रवाई क गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली के लक्ष्मणपुर निवासी पीड़ित प्रांजल त्रिपाठी ने प्रांजल ने बताया कि उन्होंने 2022 में यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा दी थी। इस दौरान उनकी मुलाकात कूरेभार के पिपरी साईं नाथपुर निवासी अधिवक्ता बजरंग द्विवेदी के पुत्र प्रणव द्विवेदी से हुई। प्रणव उनके घर आने-जाने लगा और परिवार का विश्वास जीत लिया। प्रणव ने दावा किया कि उसके कई केंद्रीय मंत्रियों से संबंध हैं। वह कई लोगों को आईएएस-पीसीएस बनवा चुका है। प्रणव ने 18 जनवरी 2023 को लखनऊ में प्रांजल को यूपीएससी मेन्स और इंटरव्यू का एडमिट कार्ड दिया।

### तीन आलू बीज केंद्र बंद

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, स्थित तीनों आलू बीज उत्पादन केंद्र सालों से बंद पड़े हैं। करोड़ों की लागत से बने इन केंद्रों के भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। प्रशासनिक उपेक्षा के कारण किसानों को गुणवत्तापूर्ण आलू बीज के लिए बाजार का रुख करना पड़ रहा है। जिले में तीन प्रमुख आलू बीज उत्पादन केंद्र थे। कुड़वार ब्लॉक में 16 हेक्टेयर में बना केंद्र 1983 में स्थापित हुआ और 1995-96 में बंद हो गया। मोतिगरपुर ब्लॉक के रामपुर विरतिहां में 3.16 हेक्टेयर में 1981-82 में बना केंद्र भी 1995-96 में बंद हो गया। दूबेपुर ब्लॉक के दिखौली में 1978-79 में 5 हेक्टेयर में स्थापित केंद्र 2018-19 तक चला। बता दें कि उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह पड़ोसी जनपद रायबरेली से हैं।

# विश्व सिकिल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर आयोजित हुई कार्यशाला

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा




बहराइच। विश्व सिकिल सेल जागरूकता दिवस-2025 के उपलक्ष्य में हेल्प फाउंडेशन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय कार्य मंत्रालय ,भारत सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के अंतर्गत जनपद बहराइच में चयनित ग्राम फकीरपुरी, विशुनापुर एवं बर्दिया में निवासरत व्यक्तियों को संयुक्त रूप से ग्राम बर्दिया में एकत्रित कर एक वृहद कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मिहींपुरवा अभिषेक वर्मा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामलाल ग्राम प्रधान बर्दिया ने की। सिकिल सेल बीमारी के सम्बन्ध में ए.सी.एम.ओ. डॉ अनुराग वर्मा ने वृहद चर्चा की और उपस्थित ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक, मिहींपुरवा डॉ. थानेदार द्वारा भी सिकिल सेल बीमारी की जांच, रोकथाम एवं इलाज के बारे बताया गया। ब्लॉक प्रमुख अभिषेक वर्मा द्वारा इस अवसर पर ग्रामवासियों को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं उद्घोषक जे.डी. द्विवेदी ने सिकिल सेल जागरूकता दिवस के मुख्य उद्देश्य, रणनीति ,और सिकिल सेल उन्मूलन मिशन के बारे चर्चा की साथ धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान के बारे में आम जनता से संवाद किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ विभाग की टीम द्वारा मरीजों की जांच कर दवाओं का वितरण तथा मरीजों को स्वास्थ्य सलाह प्रदान किया गया। इस दौरान समाज कल्याण विभाग से आशीष कुमार, रामनिवास राणा, पंचायत सहायक सबा खान एवं मंगल बिहारी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ अतुल वर्मा, बी.पी.एम. राधेश्याम, सीएचओ सुमन कुमारी, आशा संगिनी प्रेम कुमारी, आशा सविता, हिना व रेखा, स्टाफ नर्स कौसर जहां, डॉ रश्मि, डॉ संदीप, रेखा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री धनपाती, सजनी सहायिका संदीप कुमारी तथा सैंकड़ो संख्या में आदिवासी जनमानस की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत मे हेल्प फाउंडेशन के उपाध्यक्ष बृज नारायण तिवारी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद मिश्र द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर हेल्प फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित जनजातीय गौरव नामक पुस्तक का वितरण किया गया। हेल्प फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर अरविंद मिश्र एवं बृज नारायण तिवारी द्वारा अतिथियों को स्मृति स्वरूप प्रदान की गयी।

# थाना प्रभारी के विदाई समारोह में नम हुई आंखें, लोगों ने दी भावभीनी विदाई

## आदर्श समाज सेवा समिति ने भेंट किया प्रतीक चिन्ह

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह का तबादला हो गया है। उन्होंने लगभग सात माह तक अल्प समय के लिए थाना प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अल्प कार्यकाल के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए।थाने पर आने वाले सभी फरियादियों की बात सुनकर उसका निस्तारण करना उनकी प्राथमिकता में था। बृहस्पतिवार को थाना प्रांगण में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें थाना क्षेत्र के बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं पत्रकार गणों सहित थाने के समस्त कर्मचारियों ने प्रभारी को माला पहनाकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। आए हुए सभी आगंतुकों का थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुझे यहां से बहुत प्यार और आशीर्वाद मिला है, मैं आप लोगों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। स्थानीय नागरिकों और पुलिसकर्मियों ने पूर्व थाना प्रभारी दद्दन सिंह के कार्यकाल की सराहना की। दद्दन सिंह के स्थान पर थाना कोतवाली देहात से स्थानांतरित होकर आए रमेश रावत को रूपईडीहा का नया थाना प्रभारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बृहस्पतिवार को औपचारिक रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। थाना क्षेत्र में प्रशासनिक बदलाव को लेकर आमजन में नई उम्मीदें जगी हैं। अब देखना होगा कि नए थाना प्रभारी क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर क्या नई रणनीति अपनाते हैं। वहीं रुपईडीहा कोतवाल दद्दन सिंह के विदाई समारोह में पत्रकार व आमजन के साथ ही आदर्श समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें नवीन कार्य क्षेत्र की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर आदर्श समाज सेवा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, सचिव शेरसिंह कसौधन व जिला अध्यक्ष विनोद गिरि सहित पत्रकार मनीराम शर्मा, संजय वर्मा, रुद्रप्रताप मिश्रा, सुरेंद्र मद्धेशिया, मो. अकील, मो. नईम, रईस अहमद, महबूब अहमद, इरशाद हुसैन, रईस खान, नीरज बरनवाल आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# घटिया सामग्री से बन रही आरसीसी सड़क

## सभासद ने उपजिलाधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र

अमन लेखनी समाचार/फैजान



कैसरगंज, बहराइच। नगर पंचायत कैसरगंज के वार्ड नंबर 5 स्थित शाहनपुरवा में जद्दू और यासिर के घर के पीछे से मुख्य सड़क मेन रोड तक नगर पंचायत द्वारा आरसीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है। लेकिन इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है।वार्ड नंबर 5 के सभासद रोहित कुमार मौर्य ने उपजिलाधिकारी कैसरगंज को एक शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण में पीले ईंटों का रोड़ा डाला जा रहा है, जो निर्माण मानकों के पूरी तरह खिलाफ है। साथ ही, सीमेंट और गिट्टी की मात्रा भी संतुलित नहीं रखी जा रही है, जिससे सड़क जल्द ही टूटने की संभावना है।सभासद ने मांग की है कि निर्माण स्थल की तत्काल जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। स्थानीय नागरिकों ने भी निर्माण कार्य पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर घटिया निर्माण किया जा रहा है, जिससे जनता को लाभ के बजाय भविष्य में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इधर नगर पंचायत के संबंधित अधिकारी फिलहाल इस पूरे मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। ईओ कैसरगंज शिवम द्विवेदी ने बताया कि ठेकेदार संजीव शर्मा को नोटिस भेजी गई है जे ई को मौके पर भेजा है पीले ईंट के रोड़े हटवाकर गिट्टी डाली जाएगी।

# बीडीओ शिवपुर की जांच में 60 के सापेक्ष मिले 12 श्रमिक, मस्टर रोल हुआ जीरो

## तीन कार्यों का बीडीओ ने मास्टर रोल कराया शून्य, जेसीबी मशीन से हुआ था काम

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में लगातार फर्जी मास्टर रोल का खेल जारी है। करवाई के बाद भी ग्राम पंचायत में फजीर्वाड़े का कार्य नही रुका है। अधिकारियों के जांच में यह स्पष्ट हुआ है। ब्लाक क्षेत्र का रायगंज ग्राम पंचायत लगातार सुर्खियों में बना हुआ हैं। शनिवार और रविवार को जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई की गई साथ ही 200 से अधिक श्रमिक की उपस्थिति भी दर्ज कराई गई है। मामला सामने आने के बाद विभागीय जांच शुरू हुई। दूसरे दिन मंगलवार को फर्जी मास्टर रोल चलाने का मामला भी सामने आया। स्थानीय लोगों ने फजीर्वाड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में फजीर्वाड़े का लोग विरोध करते नजर आए। वहीं गांव निवासी लियाकत, वारिश, इन्ना, छोटे आदि दर्जनों लोगों ने नाराजगी जताते हुए बताया कि मनरेगा में स्थानीय श्रमिकों से काम नहीं करवाया जा रहा है, दूसरे गांव के श्रमिक को काम पर लगाया जा रहा है। गांव के श्रमिक बेरोजगार घूम रहे हैं। जबकि गांव के श्रमिकों को गांव में काम मिलने का प्रावधान है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मौके पर आठ से दस श्रमिक काम करते हैं। शेष काम जेसीबी मशीन से करवाया जाता हैं। ऑनलाइन मास्टर रोल पर 100 से 200 श्रमिकों की उपस्थिति चढ़ाई जाती है। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम सचिव ने बुधवार को मामले की जांच की। कार्य में अनियमिताएं एवं फजीर्वाड़ा पाए जाने पर सभी कार्यों का मास्टर रोल शून्य कराने का पत्र खंड विकास अधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी को प्रेषित कर दिया। गुरुवार सुबह खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अंकित सिंह यादव, अभियंता लघु सिंचाई पुष्पेंद्र कुमार ने मौके का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि जांच के दौरान भी 60 के सापेक्ष महज 12 श्रमिक मौजूद मिले। इस बाबत सभी कार्यों का मास्टर रोल शून्य करवाया गया है। जांच चल रही है, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न

## बिना मोबाइल के आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां नहीं करेंगी केवाईसी

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ की एक बैठक ब्लाक कैसरगंज में आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष गोपीनाथ मिश्रा ने तथा संचालन रेखा सिंह ने किया। बैठक के पश्चात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एक जुलूस निकाला तथा तहसील परिसर पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। संगठन की जिला अध्यक्ष गुड़िया गौतम ने कहा कि जब तक विभाग सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मोबाइल उपलब्ध नहीं कराता है तब तक केवाईसी प्रक्रिया बंद की जाए तथा विभाग द्वारा अनावश्यक दबाव न बनाया जाए। इसी मांग को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ब्लॉक परिसर से लेकर तहसील परिसर तक एक जुलूस निकाला। तथा उप जिला अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार प्रियंका त्रिपाठी को सौपा।इस मौके पर प्रदेश संरक्षक ओ0पी0सिंह, जिला महामंत्री वेद मित्र चौधरी, रितेश शर्मा, मौलाना खालिद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रेखा सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नीतू, कुसुम, निम्मी, नीलम, पुष्पा, तस्लीम मंजू, मालती गौतम, रेखा चौधरी रीमा सिंह आदि मौजूद रहे।

# अनियंत्रित बाइक सवार पुलिया की डिवाइडर तोड़ गिरा नीचे, गंभीर घायल

## स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल में करवाया भर्ती, बैबाही पुलिस मौजूद

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। अनियंत्रित बाइक सवार की पुलिया के डिवाइडर से टकराई बाइक। पुलिया की रेलिंग तोड़ बाइक सवार कई फुट गिरा नीचे, हुआ गंभीर रूप से जख्मी। स्थानीय लोगों ने नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए करवाया भर्ती। वैवाही पुलिस जुटी जांच में। जिले के खैरीघाट थाना निहित चौकी वैबाही क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया के मजरा चमारन पुरवा निवासी 25 वर्षीय सूरज कुमार पुत्र रामप्रसाद आज गुरुवार शाम को किसी काम से रामपुर बाजार आया था। लौटते समय सम्मनपुरवा के पास वैवाही तालाब पर बनी पुलिया से सूरज की मोटरसाइकिल हीरो डीलक्स यूपी 40 4728 अनियंत्रित होकर पुलिया की डिवाइडर से टकरा गई। चालक की गति इतनी तेज थी कि पुलिया की रेलिंग तोड़कर बाइक सवार कई फुट नीचे जा गिरा जिससे उसे गंभीर चोटें आई है। स्थनीय लोगों लालता प्रसाद आदि की मदद से उसे नजदीकी अस्पताल रामपुर में इलाज के लिए पहुंचाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक जांच कर रही है। वहीं चालक के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं।

# चाईनपुरवा में 132 मरीजों का हुआ इलाज



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से तेजवापुर ब्लाक के चाईनपुरवा गांव में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष चिकित्सक डा. पवन कुमार वर्मा व डा. प्रियंका शर्मा ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी। चिकित्सकों ने मरीजों को भीषण गर्मी से बचने के उपाय भी बताएं। इस मौके पर गुरु प्रसाद, महेंद्र शुक्ला, भूपेंद्र वर्मा, अरूण यादव, अनामिका द्विवेदी, आकांक्षा मिश्रा, करिश्मा आर्या, आराधना देवी मौजूद रहीं।

# किसानों को बीज शोधन व भूमि शोधन की दी गई जानकारी



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। विकास खण्ड तेजवापुर के ग्राम डोकरी में प्राकृतिक खेती क्लस्टर में कृषकों को ट्राइकोडर्मा द्वारा बीज शोधन एवम भूमि शोधन की जानकारी दी गई। सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा डॉ विकास पांडेय ने किसानों को विषाक्त रसायनों से होने वाली हानियों के बारे बताया तथा कृषकों से आवाहन किया कि रासायनिक कीटनाशक के प्रयोग से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है किसान भाई आईपीएम अपनाकर कीट प्रबन्धन करें जिससे स्वास्थ भी रहेंगे और खेती में लागत भी कम लगेगी। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप ए पंकज कुमार ने ट्राइकोडर्मा एवं बबेरिया बैसियाना के प्रयोग की विधि बताई। इस मौके पर प्राविधिक सहायक कुलदीप कुमार, सीआरपी सुंदरलाल, कृषि सखी रुक्मणी देवी समेत दर्जनों किसान उपस्थित रहे।

# रिटायर्ड बैंक मैनेजर से पुलिस की दादागिरी

## खेत विवाद में 112 के सिपाही ने जड़े थप्पड़, थाने में भी की पिटाई

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पुलिस की दादागिरी का मामला सामने आया है। पीपरपुर थाना क्षेत्र के खरगपुर गांव में एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की। पीएनबी से रिटायर्ड जय नारायण शुक्ल ने अपने खेत में अवैध खुदाई की शिकायत 112 पर की थी। मौके पर पहुंची पीआरवी के सिपाही मनोज शुक्ला ने बुजुर्ग जय नारायण को थप्पड़ मारा और गालियां दीं। इसके बाद उन्हें थाने ले जाया गया। वहां सिपाही दीपचंद प्रजापति ने भी उनकी पिटाई की। थाने में एसओ के मना करने पर भी सिपाही नहीं रुका। उसने मुकदमा दर्ज करने की धमकी देकर जबरन विपक्षियों से समझौता करवा दिया। पीड़ित का आरोप है कि 112 की टीम विपक्षियों से मिली हुई थी। उन्होंने रास्ते में ही सुविधा शुल्क ले लिया था। पीड़ित ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक से मिलकर शिकायत की। एसपी ने दोषी सिपाहियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मूल विवाद गांव के सालिकराम द्वारा जय नारायण के खेत में मिट्टी खुदवाकर कब्जा करने की कोशिश को लेकर था।

# तेज रफ्तार वाहन ने दो बाइक सवारों को कुचला

## एक लखनऊ रेफर, चालक फरार

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे एक तेज रफ्तार वाहन ने दो बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा उस समय हुआ जब वाहन संख्या एचपी 01 ए 7892 रुपईडीहा से नानपारा की ओर जा रहा था और सामने से दो युवक बाइक से आ रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर बेहोशी की हालत में गिर पड़े। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल गंभीर अवस्था में बहराइच जिला अस्पताल भेजा गया। जहां से एक युवक मोती पुत्र हरख साहू, निवासी लछमनपुर भदवारा थाना मटेरा को चिकित्सकों ने गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया। दूसरे युवक विनोद कुमार का इलाज बहराइच में चल रहा है। इस घटना के बाद वाहन चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना को लेकर निधिनगर संकल्पा निवासी सुरेश कुमार साहू ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले की पुष्टि करते हुए क्राइम इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और वाहन को थाने में कब्जे में ले लिया गया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है।

# सीएचसी संग्रामपुर में साप्ताहिक समीक्षा बैठक

## स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी रिपोर्ट और पोर्टल फीडिंग की ली जानकारी, सुधार के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर में एएनएम की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी एएनएम से विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी रिपोर्ट और पोर्टल फीडिंग की जानकारी ली गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह और बीपीएम शंभूनाथ पांडेय ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में लटकर रिपोर्ट और ई-कवच फीडिंग की समीक्षा की गई। आभा कार्ड और जनसंख्या अद्यतन की स्थिति की जानकारी ली गई। सी-बैक फॉर्म और इंकार बच्चों की सूची का निरीक्षण किया गया। डिलीवरी रिपोर्ट और एएनसी फीडिंग की प्रगति देखी गई। ओपीडी रिपोर्ट और सैम बच्चों की सूची की समीक्षा की गई। फैमिली प्लानिंग पोर्टल का आईडी पासवर्ड सहित मांग पत्र, हेड काउंटर सर्वे रिपोर्ट और स्टॉक रजिस्टर की जानकारी भी ली गई। अधिकारियों ने सभी एएनएम को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए नियमित रूप से डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं तभी संभव हैं जब फील्ड से जुड़ी सभी रिपोर्ट समय पर और सही तरीके से संकलित की जाएं।

साथ ही सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने पर जोर दिया गया।

## संक्षेप

### जानलेवा हमला करने में 8 के खिलाफ एफआईआर

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक पिता को न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अस्तौली गांव के शिवकुमार ने अपने बेटे पर हमला करने के आरोप में 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिवकुमार के बेटे मनीष को दनकौर रेलवे स्टेशन जाते समय पड़ोसी अनिल, सुनील, प्रदीप, अंकित, अंकुर, सतपाल, धनराज और धर्मवीर ने रोका। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर सभी ने मिलकर लाठी-डंडे और फावड़े से हमला कर दिया। हमले में मनीष को गंभीर चोटें आईं। उसका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में 5 दिन तक इलाज चला। पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट में याचिका दायर की गई। कोर्ट के आदेश पर सोमवार को पुलिस ने सभी 8 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### पति ने बीच सड़क पर पत्नी को पीटा

अमन लेखनी समाचार

मोदीनगर, भूपेन्द्रपुरी कॉलोनी में एक महिला को उसके पति द्वारा सार्वजनिक रूप से पीटने का मामला सामने आया है। सिंचाई विभाग में जेई पद पर कार्यरत योगेन्द्र और उनकी पत्नी अलका के बीच पहले से कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। अलका दो बच्चों के साथ अलग रहती हैं और घरों में काम करके अपना गुजारा करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि योगेन्द्र ने उनके रहने वाले मकान पर ताला लगा दिया। जब वह चाबी लेने गईं, तो योगेन्द्र ने उन पर हमला कर दिया। घटना एक दुकान के सामने हुई, जहां योगेन्द्र ने अलका के बाल पकड़कर उन्हें इतना पीटा कि वह बेहोश हो गईं। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर महिला को बचाया। किसी ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़िता ने मोदीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण करवाया है। एसीपी ने कहा है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएलएड प्रथम सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्रों में मानसिक तनाव से बचाव के उपाय प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में डीएल एड प्रशिक्षण के दौरान नेचुरोपैथी, मेडिटेशन और योग की उपयोगिता पर विशेष जोर दिया गया। प्राचार्य राज सिंह यादव के निर्देशन में यह कार्यक्रम 21 जून तक चलेगा।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े

## दोनों तरफ से चले पथराव, कई वकील घायल, शिवकुटी थाने पर किया हंगामा



अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, शहर के सिटी जोन अंतर्गत शिवकुटी थाना क्षेत्र में शनिवार को सरकारी जमीन को लेकर चल रहे पुराने विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया। कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव हुआ, जिसमें कई वकीलों को गंभीर चोटें आईं। हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए जब बड़ी संख्या में वकील शिवकुटी थाने पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ हंगामा किया। लोगों के मुताबिक विवादित जमीन शिवकुटी क्षेत्र में स्थित है जो राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। लेकिन लंबे समय से इस जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिशें चल रही थीं। एक पक्ष द्वारा जबरन निर्माण कार्य शुरू किया गया, तो दूसरा पक्ष वहां पहुंच गया और दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि पथराव और मारपीट शुरू हो गई। इस झड़प में कई लोग घायल हुए, जिनमें से अधिकतर वकील बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन तनाव बना रहा। घटना से आक्रोशित वकील बड़ी संख्या में शिवकुटी थाने पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उनका आरोप है कि राजस्व विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की मिलीभगत से लगातार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिशें हो रही हैं

और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। वकीलों ने मांग की है कि पथराव में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और सरकारी जमीन की सुरक्षा के लिए स्थायी कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई होती, तो यह स्थिति नहीं बनती।

# खड़ी कार में लगी आग

## हॉलैंड हॉल के पास शॉर्ट सर्किट से हादसा, फायर ब्रिगेड ने 10 मिनट में पाया काबू

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, यूनिवर्सिटी रोड पर हॉलैंड हॉल के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। लपटें उठते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार कुछ देर से सड़क किनारे खड़ी थी। तभी उसमें धुआं उठने लगा। इसके बाद कुछ ही देर में कार धूं- धूं कर जलने लगी। लोगों ने फौरन पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। कार में उस समय कोई सवार नहीं था और आग आसपास की दूसरी गाड़ियों या संपत्ति तक नहीं पहुंच सकी। यदि समय रहते आग न बुझाई जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि घटनास्थल के पास पैदल चलने वालों और दुकानों की अच्छी-खासी आवाजाही रहती है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती



जांच में आग लगने की वजह कार में हुआ शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने कार मालिक की पहचान कर ली है और पूछताछ की जा रही है। समय रहते सतर्कता बरती गई, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। फिलहाल यूनिवर्सिटी रोड पर स्थिति सामान्य है। पुलिस ने इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था को फिर से बहाल कर दिया है। दमकल विभाग लोगों से अपील कर रहा है कि गर्मी के इस मौसम में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और वाहनों की समय-समय पर जांच जरूर कराएं।

# विशाल हत्याकांड में दो और आरोपी गिरफ्तार

## पुरानी रंजिश में हुई थी युवक की हत्या, अब तक 6 आरोपी पकड़े गए



अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक महीने पहले हुए विशाल हत्याकांड में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सादोपुर गांव के राहुल और घंघोला के रोहित चंदीला को पकड़ा गया। इससे पहले चार आरोपी जेल जा चुके हैं। सादोपुर गांव निवासी विशाल रेलवे स्टेशन के पास रहता था। वह एक हत्या के मामले में जमानत पर था। जब वह बाजार गया, तब बाइक सवार बदमाशों ने उस पर गोलियां चलाईं। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, विशाल ने पहले एक युवक की हत्या की थी। उसी युवक के भाई और अन्य लोगों ने रंजिश में विशाल को मार डाला। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों नए गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# दलित समाज का मंदिर विवाद

## 70 साल पुराने वाल्मीकि मंदिर परिसर में कूड़ा डालने का विरोध, दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

बागपत, सूप गांव में दलित समाज और कुछ दबंग लोगों के बीच 70 वर्ष पुराने वाल्मीकि मंदिर को लेकर विवाद गहरा गया है। दलित समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के बागपत जिला अध्यक्ष शुभम भारती के नेतृत्व में यह प्रदर्शन किया गया। दलित समाज के अनुसार, 70 वर्ष पहले उन्हें गांव के प्रधान से 450 गज भूमि मिली थी। इस भूमि पर उन्होंने वाल्मीकि मंदिर बनवाया।

हाल ही में आंधी-तूफान से मंदिर की एक दीवार गिर गई। जब वे दीवार का पुनर्निर्माण कर रहे थे, तब कुछ दबंग लोगों ने काम रुकवा दिया। दबंगों ने जमीन पर अपना दावा किया। विवाद बढ़ता देख राजस्व विभाग के टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों को सख्त हिदायत दी की अगर किसी भी व्यक्ति ने



मंदिर परिसर में कूड़ा डालने का प्रयास किया तो उसे पर शक्ति से कार्रवाई की जाएगी। इससे मंदिर परिसर में कूड़ा डालने की समस्या पर रोक लगी। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने दबंगों पर कार्रवाई और मंदिर की टूटी दीवार के पुनर्निर्माण की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दबंग लोग मारपीट करेंगे या जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करेंगे, तो वे गांव छोड़ने को मजबूर होंगे।

बागपत के डीएम को इस मामले की शिकायत की गई है। अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान प्रदर्शन में सूरजपाल, सुदेश, कविता, अंजू, निशांत, जोगिंदर, प्रदीप सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# 25-25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

## मुठभेड़ में दोनों घायल, किसान से लूटे गए 2 लाख रुपए और अवैध हथियार बरामद



अमन लेखनी समाचार

बागपत, दोघट थाना पुलिस और सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने इनके पास से किसान से लूटे गए पैसे और अवैध हथियार बरामद किए हैं। एसपी सूरज कुमार राय के निर्देश पर चल रहे चेकिंग अभियान के दौरान यह कार्रवाई की गई। पहला बदमाश मोनू दाहा कान्हड़ रोड से और दूसरा बदमाश रविंदर फौलाद नगर के जंगल से पकड़ा गया। दोनों की गिरफ्तारी मुठभेड़ के बाद हुई। पुलिस ने बदमाशों से दो अवैध तमंचे, 6 जिंदा कारतूस और 6 खोखा कारतूस बरामद किए हैं। इनके पास से शामली से लूटी गई एक मोटरसाइकिल और किसान से लूटे गए 2 लाख 5 हजार 60 रुपए भी मिले हैं। एक महीने पहले इन्होंने दोघट थाना क्षेत्र में एक किसान से 4 लाख रुपए लूटे थे। मुठभेड़ में घायल हुए दोनों बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# अवैध बांग्लादेशी नागरिक पकड़ाया

- फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाकर गाजियाबाद और पुणे में रहा, बहन को भी लाने की थी योजना

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, नोएडा पुलिस ने सेक्टर-127 के ग्राम बख्तावरपुर से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर-126 पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर आसिफ शेख को पकड़ा। आसिफ अब्दुल रोब शेख का बेटा है। पुलिस ने आरोपी से दो मोबाइल फोन बरामद किए। इसके अलावा अलग-अलग पतों के दो आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस और एक भारतीय पासपोर्ट की फोटोकॉपी मिली। उसके पास से एक बांग्लादेशी जन्म प्रमाण-पत्र भी बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि आरोपी के पास वैध पासपोर्ट या वीजा नहीं था। उसने गाजियाबाद के



इंद्रापुरम से फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाए। इन दस्तावेजों की मदद से वह इंदिरापुरम और पुणे में रहा। आरोपी का भाई भी 2018 में अवैध तरीके से भारत आया था। गाजियाबाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। आरोपी के मोबाइल की जांच में पता चला कि वह वॉट्सऐप और आईएमओ ऐप के जरिए बांग्लादेश के नंबरों पर संपर्क करता था। वह अपने पिता, बहन और अन्य रिश्तेदारों से वीडियो कॉल करता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी अपनी बहन को भी अवैध तरीके से भारत लाने की योजना बना रहा था।

# फास्टैग लगाने को लेकर फायरिंग

## दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर झोंके फायर, 2 लोगों के पैर और हाथ में लगी गोली

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के काशी टोल प्लाजा पर फास्टैग लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर पिस्टल से फायरिंग कर दी। घटना में भूड़बराल निवासी नितिन और उसके चचेरे भाई जतिन उर्फ तुषार घायल हो गए। नितिन के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि जतिन की बाजू को एक गोली छूकर निकल गई। परतापुर पुलिस ने घायलों को भूड़बराल सीएचसी में भर्ती कराया। टोल प्लाजा पर दो अलग-अलग बैंक के स्टॉल से फास्टैग लगाए जाते हैं। सोमवार को परतापुर स्थित दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के काशी टोल प्लाजा पर इंद्रापुरम कॉलोनी के अवनीश, कपिल, दीपक और दो अन्य युवकों में इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि



कपिल ने पिस्टल से फायरिंग कर दी। फायरिंग की आवाज सुनकर टोल कर्मियों और वाहन चालकों में अफरातफरी मच गई। कई वाहन चालक अपने वाहन छोड़कर भाग गए। आरोपी मौके से फरार हो गए। एएसपी अंतरिक्ष जैन के अनुसार, हमलावरों की तलाश जारी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। देर रात तक पीड़ित पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली थी। मेरठ के एसपी सिटी आयुष विक्रम ने जानकारी देते हुए बताया कि परतापुर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर मौजूद काशी टोल प्लाजा पर दो पक्ष के लोग फास्टैग की कैनोपी लगाते हैं। जहां सोमवार देर रात में फास्ट टैग लगाने को लेकर दोनों पक्ष में कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद अवनीश और कपिल ने गोली चला दी। जिसमें नितिन और जतिन को गोली लग गई थी। एसपी सिटी ने बताया कि जतिन के हाथ में गोली लगी है और नितिन के पैर में गोली लगी है। वहीं दोनों को अस्पताल में उपचार के लिए एडमिट कराया गया है। एसपी सिटी ने कहा कि दोनों की हालत सेफ है।

वहीं अवनीश और कपिल फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# दीवार निर्माण को लेकर विवाद

## पड़ोसियों ने लाठी-डंडों से किया हमला, एक ही परिवार के 4 लोग घायल



अमन लेखनी समाचार

बागपत, संतोषपुर गांव में दीवार निर्माण को लेकर एक परिवार पर पड़ोसियों ने हमला कर दिया। इस घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया है। घटना की शिकायत करते हुए पीड़ित मोतीराम ने बताया कि वह अपने मकान की दीवार का निर्माण कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दर्जनों लोग लाठी-डंडे लेकर आ गए। उन्होंने परिवार पर हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने शिकायत के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। इसके चलते पड़ोसी उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं।

# आबूलेन में सेंट्रल पार्किंग बहाली की मांग

## व्यापार संघ ने कैंट बोर्ड से की मुलाकात, सीईओ ने प्रस्ताव लाने का दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, आबूलेन व्यापार संघ की नई कार्यकारिणी ने कैंट बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी जाकिर हुसैन से मुलाकात की। अध्यक्ष आकाश खन्ना के नेतृत्व में हुई इस पहली औपचारिक बैठक में व्यापारिक मुद्दों पर चर्चा हुई। व्यापार संघ ने सेंट्रल पार्किंग की पुनर्बहाली का प्रस्ताव रखा। संघ ने बताया कि 2015 से पहले आबूलेन में मध्यवर्ती पार्किंग व्यवस्था थी। इससे ग्राहकों और व्यापारियों को सुविधा मिलती थी। कैंट बोर्ड को भी नियमित राजस्व प्राप्त होता था। वर्तमान में डिवाइडर के कारण यह सुविधा बंद है। सीईओ जाकिर हुसैन ने सेंट्रल पार्किंग बहाली का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि निर्णय व्यापारियों के हित में होगा। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कोविड काल से पूर्व के लंबित सफाई बिलों को माफ करने पर




सहमति बनी। काठ के पुल के पास सार्वजनिक शौचालय के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। गणपति कॉम्प्लेक्स की पिछली गली में स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अभियंता पीयूष गौतम ने बैठक का समन्वय किया। उन्होंने सभी मुद्दों पर तकनीकी सुझाव दिए। व्यापार संघ ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान आकाश खन्ना (अध्यक्ष), सरदार राजबीर सिंह (महामंत्री), गौरव सेठ (कोषाध्यक्ष), सरदार भूपिंदर सिंह (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), रमेश कुमार चौधरी (उपाध्यक्ष), सचिन रस्तोगी (मीडिया प्रभारी), संजय मुंजाल मौजूद रहे।

# गौरक्षा हिंदू दल ने मौलाना तौकीर के खिलाफ दी शिकायत

- बादलपुर थाने में राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर ने की कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, गौरक्षा हिंदू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर ने एक प्रतिनिधि मंडल के साथ बादलपुर थाने में बरेली के मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि मौलाना ने गौरक्षकों और हिंदू संगठनों को आतंकवादी संगठन बताया है। वेद नागर ने कहा कि ऐसे बयान से देश में सांप्रदायिक माहौल खराब हो सकता है। उन्होंने मौलाना के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। नागर का कहना है कि हिंदू संगठनों की वजह से ही देश की एकता और अखंडता सुरक्षित है। उन्होंने मौलाना पर आरोप लगाया कि वह राष्ट्रवादी संगठनों को गद्दार और देशद्रोही बता रहे हैं। वेद नागर ने प्रशासन से मांग की है कि मौलाना तौकीर के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। इस मौके पर नरेंद्र नागर, अशोक भाटी, जय चौधरी, विजय सरदार, सचिन शर्मा, विजय कुमार योगी, पंडित भूरा त्यागी और बंटी भाटी समेत कई लोग मौजूद थे।



## संक्षेप

### श्रीराम कथा एवं नवाह पारायण यज्ञ का आयोजन 21 से

अमन लेखनी समाचार

गुरसरांय, झांसी। नगर के पुराने बस स्टैंड पर श्री हनुमान जी मंदिर(व्यास जी मन्दिर) पर 21 जून से 29 जून तक संगीतमय श्री रामकथा एवं रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ का विराट आयोजन किया जा रहा है।प्रतिदिन सुबह भगवान श्री राम पूजा,मानस पूजा एवं श्रीरामचरितमानस का नवाह परायण किया जायेगा।कार्यक्रम के आयोजक पं. ब्रजकिशोर व्यास भुल्लन महाराज एवं संयोजक पं. सुरेन्द्र व्यास ने संयुक्त रूप से बताया कि ऐसे आयोजनों से समाज में धार्मिक चेतना,सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रचार-प्रसार होता है,जो वर्तमान समय की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में नौ दिनों तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से सामूहिक संगीतमय नवाह पारायण पाठ भी होगा।सायं 6 बजे से श्री राम कथा का अमृतपान चित्रकूट रामायण कुटीर के महंत रामहृदय दास जी महाराज जिज्ञासु के द्वारा कराया जायेगा।

### सड़क किनारे खड़े पति को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, गंभीर

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। सड़क किनारे खड़े पति को टक्कर मारकर भागे ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है। घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने पकड़कर थाने में खड़ा कराया है घटना 5 जून की है थाना क्षेत्र के मुण्डेरा गांव के निवासी सीमा ने बताया कि गत 5 जून को पति जितेंद्र सड़क किनारे खड़े थे वह दरवाजे पर बैठी थी तभी सुबह करीब 9:00 बजे एक ट्रैक्टर चालक विनेश निवासी सिसोलर तेजी से ट्रैक्टर चलाता हुआ आया और पति को टक्कर मार कर सिसोलर की तरफ भाग गया। सूचना पर सिसोलर पुलिस ने ट्रैक्टर को पकड़कर के थाने में खड़ा कराया है। पति का उपचार कानपुर में चल रहा है और वह कोमा में हैं। पुलिस ने पत्नी के तहरीर पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है

# साइबर जागरूकता की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि

## श्रावस्ती पुलिस को मिला अंतरराष्ट्रीय 'पोलारिस अवॉर्ड 2025'

**एआई और डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित करने वाला भारत का पहला जिला बना श्रावस्ती**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही साइबर जागरूकता पहल के क्रम में, श्रावस्ती पुलिस द्वारा तकनीक आधारित जन-जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। इन्हीं अभिनव प्रयासों के फलस्वरूप जनपद श्रावस्ती को कैपिटल मीडिया ग्रुप, लंदन द्वारा आयोजित 'पोलारिस लीडरशिप समिट 2025' में 'सिल्वर पोलारिस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।

यह अवॉर्ड 'एंटी-डिसइन्फॉर्मेशन' श्रेणी में प्रदान किया गया है, जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का उपयोग कर साइबर खतरे, फेक न्यूज और डीपफेक तकनीक के विरुद्ध जन-जागरूकता हेतु किया गया एक अभिनव प्रयास था।

यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रावस्ती पुलिस को प्राप्त पहला सम्मान है, जो यह दर्शाता है कि किसी छोटे जिले की पुलिस भी वैश्विक मंच पर तकनीक आधारित नवाचार द्वारा एक सशक्त प्रभाव छोड़ सकती है।

पुलिस अधीक्षक श्री घनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में नेतृत्वशाला एवं 'इंक्लूसिव एआई' जैसे संस्थानों के सहयोग से वर्ष 2024 में यह अभियान चलाया गया। यह देश का पहला जिला-स्तरीय डीपफेक अवेयरनेस प्रोग्राम था, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को डीपफेक तकनीक की पहचान और सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया।

नोएडा स्थित संस्था 'नेतृत्वशाला' द्वारा "Deepfake Detection" विषय पर विश्व की पहली थीम-आधारित कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें नागरिकों, विद्यार्थियों, पुलिसकर्मियों तथा जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया। तकनीक, संवाद और सहभागिता के समन्वय से श्रावस्ती में यह अभियान एक साइबर-शिक्षा आंदोलन के रूप में विकसित हुआ।

कैपिटल मीडिया ग्रुप, लंदन की मैनेजिंग डायरेक्टर नाजली सेलिन ओजकान द्वारा भेजे गए प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया–

'आपके नेतृत्व में एशिया के एक छोटे जिले ने वैश्विक स्तर पर एक मिसाल कायम की है। आपने 'AI for Good' की अवधारणा को यथार्थ में बदला है।'

उन्होंने यह भी कहा– 'डीपफेक के विरुद्ध आपका अग्रणी कार्य अब चुनावी पारदर्शिता के लिए एक वैश्विक मानक बन चुका है।'

यह अवॉर्ड इस बात का प्रमाण है कि तकनीक के माध्यम से समाज में सुरक्षा, विश्वास और पारदर्शिता लाने की दिशा में श्रावस्ती पुलिस अग्रणी भूमिका निभा रही है। यह सफलता न केवल जनपद की कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता को रेखांकित करती है, बल्कि सभी जनपदों के लिए यह एक प्रेरणास्त्रोत भी है कि छोटे जिले भी विश्वपटल पर अपनी पहचान बना सकते हैं। श्रावस्ती पुलिस इस सम्मान को सभी नागरिकों, तकनीकी विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकताओं एवं प्रशासनिक सहयोगियों को समर्पित करती है, जिनके सहयोग से यह अभियान संभव हो सका।

# नई मोटर डालकर जलापूर्ति शुरू कराने की कवायद जारी

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। चार दिन से खराब पड़े रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगे नलकूप संख्या4 में जल संस्थान ने गुरुवार को नई मोटर डालकर शाम तक आपूर्ति बहाल करने की जद्दोजहद शुरू की है। पिछले चार दिनों से जलापूर्ति ठप होने के कारण वार्ड संख्या 14 एवं 7 के वाशिंदे परेशान है।करीब 5000 की आबादी एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान है बांदा मार्ग के किनारे रानी लक्ष्मीबाई तिराहा में लगा जल संस्थान का नलकूप संख्या 4 पिछले 4 दिनों से मोटर फूंक जाने से बंद है। बुधवार को जल संस्थान ने मोटर को खुलवाकर मरम्मत के लिए वर्कशाप भेजी थी लेकिन समय से मोटर नहीं बनने के कारण गुरुवार को समस्या को मद्देनजर रखकर मुख्यालय से नई मोटर मंगाकर जलापूर्ति शुरू कराने की जद्दोजहद शुरू की गई है। जल संस्थान के अवर अभियंता वीपी सिंह ने बताया की नई मोटर डाली जा रही है शाम तक इसको चालू कराकर आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी

### किसानों के लिए अहम है यह तालाब

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। छानी मार्ग किनारे इंगोहटा में स्थित हमीरपुरी तालाब किसानों के लिए अहम है। खेतों के मध्य स्थित इस तालाब की खुदाई होने के बाद जहां किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। वहीं तालाब से नलकूपों का जलस्तर बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। इस तालाब के खोदने से इंगोहटा के किसान मोहनलाल साहू, परशुराम द्विवेदी, रामप्रकाश द्विवेदी आदि काफी राहत महसूस किया है। इन किसानों का कहना है की खुदाई होने के बाद यह तालाब किसानों के लिए मील का पत्थर साबित होगा

# तेज रफ्तार टीपर व बाइक में जोरदार टक्कर

## बाइक सवार एक मौत, दो गंभीर रूप से घायल



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। थाना जुगैल क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमिया में तेज रफ्तार टीपर बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार एक कि मौत दो गंभीर रूप घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक बंबू पुत्र रोशन 27 वर्ष निवासी सुददा थाना चितरंगी,घायल सोनू पुत्र सिपाही लाल उम्र 22 वर्ष ग्राम कैथानी गढवा जिला सिंगरौली पुष्पा पत्नी सोन घायल है घायल सोनू अपनी पत्नी को इलाज करने के लिए चोपन आया था। इलाज कराकर चोपन से वापस अपने घर गढ़वा जिला सिंगरौली जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ग्राम सेमिया में तेज रफ्तार टीपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें एक की मौत हो गया।राहगीरों ने सूचना दे कर डायल 108 द्वारा सामुदायिक केंद्र चोपन भेजा गया। जहां डॉक्टर ने बंबू मृत को घोषित कर दिए और घायलों को प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर किय गया। थाना जुगैल को सूचना मिलते ही तत्काल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा गया पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जटी।

# डायरिया पर नियंत्रण के लिए 31 जुलाई तक चलेगा विशेष अभियान

**सीएमओ ने किया डायरिया रोको अभियान का शुभारम्भ**

अमन लेखनी समाचार



गोंडा। जनपद में डायरिया रोको अभियान (स्टॉप डायरिया कैम्पेन) का शुभारम्भ बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से किया। यह अभियान आगामी 31 जुलाई तक चलेगा, जिसके तहत शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएँगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने इस मौके पर शून्य से पांच साल तक के बच्चों को डायरिया की स्थिति में ओआरएस और जिंक की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि बच्चे को दिन में तीन या तीन से अधिक बार दस्त हो तो समझना चाहिए कि बच्चा डायरिया से ग्रसित है और ऐसे में उसको तत्काल ओआरएस का घोल देना चाहिए ताकि शरीर में पानी की कमी न होने पाए। अभियान के तहत जन-जन तक यह सन्देश पहुँचाया जायेगा कि दस्त के दौरान बच्चों को तरल पदार्थ दिया जाए, दस्त होने पर बच्चों को उम्र के अनुसार 14 दिनों तक जिंक की गोली अवश्य दी जाए, स्वच्छ पेयजल का उपयोग किया जाए और खाना बनाने से पूर्व, परोसने से पूर्व और खाना खिलाने से पूर्व और बच्चों का मल साफ करने के बाद हाथों को साबुन-पानी से अच्छी तरह से अवश्य धुलें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से ह्यडायरिया से डर नहींह्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जो इस अभियान में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस व जिंक कॉर्नर बनाए गए हैं, दीवार लेखन के जरिए भी लोगों को डायरिया के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फ्रंट लाइन वर्कर का डायरिया के बारे में अभिमुखीकरण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. जय गोविंद, एसीएमओ डॉ. सी. के. वर्मा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमर नाथ, डॉ. आर. पी. सिंह जिला सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक (डीसीपीएम), अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर राजन, पीएसआई से पंकज पाठक एवं अवध कुमार आदि मौजूद रहे।

# मोरम खनन से उखड़ी सड़कों के निर्माण की मांग के लिए ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

राठ(हमीरपुर)।धसान व वेतवा नदी की तलहटी में स्थित गांवों का मुख्य सड़क से संपर्क मार्ग न होने या अतिजर्जर होने के कारण ग्रामीणों ने रोष प्रकट करते हुए उसके निर्माण के लिए डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर सात दिनों के अंदर सड़कों का निर्माण नहीं होता है तो वह धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

बताते चलें कि धसान व बेतवा नदी के ज्यादातर गांव से मोरम खनन का कार्य बड़ी मात्रा में किया जाता है। जिससे ट्रैकों की आवाजाही से इन गांवों के संपर्क मार्ग अति जर्जर हो चुके हैं।

ग्राम बरौली निवासी भाजपा के पूर्व जिला मंत्री इं0 विजय राजपूत,महेंद्र सिंह, बृजेंद्र कुमार, अनिल,हासिम खान, प्रयागरानी, राजेंद्र, शिवराम, गजराज सहित अनेको ग्रामीण ने बताया कि मोरम खनन से ग्राम मंगरोठ, घुरौली, चंदवारी डांडा, बिलगांव डांडा, जिगनी, हरदुआ, बडेरा खालसा सहित एक दर्जन से अधिक गांव के संपर्क मार्ग अति जर्जर हो चुके हैं। जिससे गांव को लोगों के लोगों को आवाजाही में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस दौरान घायल व बीमार व्यक्ति को अस्पताल ले जाते समय वह रास्ते में ही दम तोड़ देता है। वहीं छात्रों को भी स्कूल जाने में कीचड़ युक्त रास्ते का सामना करना पड़ता है। इन गांवों के सड़क के निर्माण के लिए आज ग्रामीणों ने सरीला एसडीएम बलराम गुप्ता को ज्ञापन देते हुए सात दिनों के अंदर इन सड़कों को गड्ढा मुक्त कराये जाने की मांग की है। अगर इन सात दिनों में सड़कों को गड्ढा मुक्त नहीं कराया जाता, तो ग्रामीण धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

# पद-चालन प्रतियोगिता में राजेश शर्मा एवं पुष्पा दुबे रही प्रथम

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच द्वारा पद चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया भारी संख्या में उपस्थित प्रतियोगियों ने सुभाष चौराहे से लेकर पवेलियन चौराहे तक पैदल मार्च किया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष सुशील गोयल ने झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में राजेश शर्मा प्रथम, राकेश कुमार यादव द्वितीय, अनूप कुमार सेठ तृतीय, मनोज वर्मा चतुर्थ एवं प्रियांशु जैन ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में पुष्पा दुबे प्रथम, सुधा सिंह द्वितीय, गीता तृतीय, सुषमा कुशवाहा चतुर्थ एवं उषा शर्मा ने पंचम स्थान प्राप्त किया, साथ ही साथ बालिका वर्ग में चांदनी, रविता, पूजा और अनीता ने भी सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक योगाचार्य अजय पाठक जी रहे।मंच के संयोजक अशोक कुमार यादव एवं अध्यक्ष सुशील कुमार कुशवाहा ने बताया कि पैदल चलने से हृदय स्वस्थ रहता है ,वजन नियंत्रित रहता है ,मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम से कम होता है, मानसिक स्वास्थ्य एवं पाचन तंत्र ठीक रहता है, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती उषा शर्मा ने कहा कि पैदल चलना एक आसान व नियमित व्यायाम है जो किसी भी उम्र में किया जा सकता है ।अधिक से अधिक महिलाएं पैदल चलने का प्रयास करें। सोनांचल सेवा मंच का यह जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेगा कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के उपाध्यक्ष शमशेर खान, महामंत्री अनूप सेठ, कोषाध्यक्ष संजय अग्रहरी, मनोज वर्मा ,पवन यादव ,सज्जाद अली की भूमिका सराहनीय रही ।

# बाइक सवार को ई रिक्शा ने मारी टक्कर, घायल

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। फैक्टरी एरिया की तरफ से आ रहे बाइक सवार युवक को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। यहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फतेहपुर निवासी कृष्णा (24) कस्बे में बाबा कंस्ट्रक्शन के यहां काम करता है।रात करीब 9:00 बजे यह फैक्टरी एरिया से कस्बे की ओर आ रहा था। तभी पुलिस चौकी के पास रिक्शा ने टक्कर मार दी। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने इसे पीएचसी भेजा। जहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# दो माह बाद ग्रामीण खोद ले गए नवनिर्मित तालाब की भीट

**प्रधान प्रतिनिधि ने अवर अभियंता पर लगाया आरोप**

अमन लेखनी समाचार



भरुआ, सुमेरपुर। ग्राम पंचायत इंगोहटा में छानी मार्ग किनारे स्थित हमीरपुरी तालाब की खुदाई मार्च माह में लघु सिंचाई विभाग ने कराई गई थी। खुदाई के बाद विभाग की मिलीभगत से कुछ लोगों ने जेसीबी लगाकर तालाब की भीट (पार)की मिट्टी खोदकर बेंच डाली। प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि यह सारा खेल विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ है।लघु सिंचाई विभाग ने अटल भूजल योजना के तहत इंगोहटा के हमीरपुरी तालाब की खुदाई मार्च माह में कराई थी।यह तालाब इंगोहटा छानी मार्ग में किलोमीटर संख्या तीन के करीब स्थित है।खुदाई के बाद तैयार की गई भीट (पार) को कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से खोद कर मिट्टी बेच डाली है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरु प्रताप सिंह परिहार का आरोप है कि भीट की मिट्टी को अवर अभियंता ने ग्रामीणों से सांठगांठ बनाकर बेचा है। शिकायत के बाद इसको बंद कराया गया है। अवर अभियंता कुलदीप ने मामले से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि आरोप निराधार है। वह शुक्रवार को मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बीडीओ विपिन कुमार ने बताया कि तालाब की भीट खोदने की शिकायत मिली है। वह अवर अभियंता के साथ मौके पर जाकर देखेंगे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे

# ट्रैक्टर की टक्कर से गिरा एचटी लाइन का जर्जर पोल, बड़ा हादसा टला

- पोल में रखा ट्रांसफार्मर गिरा, तेल बटोरने में जुटे ग्रामीण
- पहले से जर्जर पोल को बदलने की ग्रामीणों ने दी थी विभाग को सूचना

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के पत्योरा ग्राम के मजरा मुच्छीताला में बीच बस्ती रोड किनारे एचटी लाइन के पोल में रखा ट्रांसफार्मर पोल समेत ट्रैक्टर की टक्कर से धराशाई हो गया। इस घटना से रोड किनारे बैठे कई लोग बाल बाल बच गए व पास के घरों में हड़कंप मच गया। गनीमत थी की घटना से पहले ही बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। ज्ञात हो की पूर्व में इस जर्जर पोल को बदलने की मांग पर ग्रामीणों की शिकायत पर इस खबर को भी प्रकाशित किया जा चुका है। लेकिन फिर भी विभाग के कानों में जू.नही रेंगी। मजरे के रामकरण निषाद, लखन, छोटू, बद्री, मनीराम, राजेश, छोटट्न, सुखलाल आदि ने बताया जर्जर पोल बदलने को पहले भी विभाग को सूचना दी जा चुकी है। लेकिन कुछ नही हुआ। गुरुवार को खेत में गोबर की खाद (पांस) डालने जाते समय एक ट्रैक्टर की टक्कर लगने से जर्जर पोल तीन टुकडों में धराशाई हो गया। साथ ही ट्रांसफार्मर भी गिर गया जिसका तेल रोड में बह गया। जिसे मजरे के लोग बोतलों आदि में भरने को उमड़ पड़े। लोगों ने बताया पोल गिरने पर लगा की बड़ा हादसा हो गया। लेकिन ईश्वर की कृपा से लोग बाल बाल बच गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# विश्व ओलंपिक दिवस 23 जून को जिला ओलम्पिक संघ द्वारा होगा समारोह

अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के सह संयुक्त सचिव एवं जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव एस.पी. त्रिपाठी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में सूचित किया है कि दिनांक 23 जून 2025 को 2:00 बजे दिन स्पोर्ट्स स्टेडियम भिस्कुरी मिजार्पुर के क्रीड़ा परिसर पर जिला ओलम्पिक संघ की संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न खेल एवं खिलाड़ियों तथा सभी खेल संघ की उपस्थिति में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। जनपद के नाम को प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों बालक बालिकाओं को सम्मानित भी किया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल आयोजन हेतु अश्वनी कुमार पांडे (राष्ट्रीय खिलाड़ी) को सह संयोजक बनाया गया है एस.पी. त्रिपाठी ने जिले के समस्त खेल संघ के सचिव/ अध्यक्ष के साथ ही खिलाड़ियों को उक्त कार्यक्रम में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की है ।

# संदिग्ध हालत में महिला ने लगाई फाँसी, मौत

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर।चिकासी थाना अंतर्गत रिहुँटा गाँव में आज सुबह एक महिला ने अपने मकान के कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।वहीं मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने पति सहित अन्य ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

चिकासी थाना अंतर्गत रिहुँटा गाँव की निवासी किरन (28 )पत्नी अरविंद ने आज सुबह संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने मकान के कमरे में फाँसी लगाकर अपनी जान दे दी।वहीं जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत गाँव के निवासी मृतका के पिता रामभजन ने बताया कि उसने अपनी पुत्री किरन का विवाह वर्ष 2017 में चिकासी थाना क्षेत्र के रिहुँटा गाँव के निवासी अरविंद के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही पति अरविंद व सास ससुर का व्यवहार उसकी पुत्री के प्रति अच्छा नहीं रहा है। उक्त लोग उसकी पुत्री के साथ झगड़ा कर मारपीट भी करते रहते थे। उसकी पुत्री बीते काफी दिनों से अपने मायके में रह रही थी। जो बीते लगभग 20 - 25 दिन पहले ही वह अपनी ससुराल गई थी। उसकी पुत्री के पति सहित अन्य ससुरालीजनों ने उसकी पुत्री की हत्या कर दी है। वहीं .

मामले में चिकासी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# दबंग पिता पुत्र से परेशान ग्रामीण महिलाओं ने कोतवाली में दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर।कोतवाली क्षेत्र के मलौंहा गांव में दबंग पिता पुत्र से परेशान मलौंहा गांव की निवासी दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने आज गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे राठ कोतवाली में एकत्रित होकर एवं दबंग पिता पुत्र के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के मलौंहा गांव की निवासी महिला हीरा, ज्ञानवती, रामदेवी, बडी , कला उमा , देशरानी व मनीराम सहित अन्य तमाम लोगों ने आज गुरुवार की दोपहर में राठ कोतवाली में मामले की लिखित तहरीर देकर बताया कि गांव का एक दबंग व्यक्ति और उसका दबंग पिता उन सभी लोगों के साथ गाली गलौज कर उन्हें प्रताड़ित करता रहता है।वह सभी लोग अपने-अपने घरों के पास खाली पड़ी जगह का उपयोग बीते कई वर्षों से करते आ रहे हैं।उक्त दबंग पिता पुत्र अब उक्त जगह को अपनी जगह बात कर कब्जा करना चाहते हैं।उक्त दबंगों ने आज गुरुवार को गांव की निवासी महिला पानवती पत्नी नारायण का चबूतरा भी जेसीबी मशीन से तोड़ दिया है। दबंग पिता पुत्र से वह लोग अत्यधिक परेशान और भयभीत हैं। उन्होंने आज कोतवाली में एकत्रित होकर मामले की लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

हालांकि हर योगासन को करने का अलग लाभ होता है लेकिन सूर्य नमस्कार एक ऐसी योगिक प्रकिया है, जिसमें सात आसन और बारह मुद्राएं होती हैं। इनकी विधि और इनके लाभों के बारे में जानिए।

# तन-मन में ऊर्जा का संचार करे सूर्य नमस्कार

योगिक क्रिया

संध्या रानी




सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर और मन को ऊर्जा, शक्ति और स्फूर्ति से लबालब कर देता है।

**प्रणाम मुद्राः** सीधे खड़े होकर एक गहरी श्वास-प्रश्वास लीजिए। अपने हथेलियों को प्रणाम की मुद्रा में सीने के सामने रखें। आंखों को ढीली बंद कर श्वास-प्रश्वास पर अपने मन को एकाग्र करें।

**हस्त उत्तानपादः** प्रणाम मुद्रा के बाद श्वास अंदर को लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर सीधा उठाते हुए धड़ को सुविधाजनक स्थिति तक पीछे झुकाएं।

**पाद हस्तासनः** दूसरी स्थिति के बाद श्वास धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए, सिर तथा धड़ को धीरे से आगे की ओर इतना झुकाएं कि अंतिम स्थिति में हथेलियां पैरों के अगल-बगल जमीन पर आ जाए और माथा घुटने को स्पर्श करे। इस स्थिति में आने के लिए कोई जबर्दस्ती नहीं करना है। लेकिन यह ध्यान रखें कि स्लिप डिस्क, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका तथा तीव्र कमर दर्द की शिकायत वाले सूर्य नमस्कार की इस अवस्था का अभ्यास न करें।

**अश्व संचालन आसनः** तीसरी अवस्था के बाद तुरंत श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को पीछे ले जाएं। आगे वाले पैर को घुटने से मोड़ लें तथा पीछे वाले पैर का घुटना जमीन से स्पर्श करता है। दोनों हाथ अपने स्थान पर सीधी जमीन से लंबवत बने रहें। सिर को पीछे ले जाते हुए कमर को धनुषाकार बनाएं।

**पर्वतासनः** चौथी अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी दाएं पैर के पास ले जाएं। नितंबों को भी अधिकतम सुविधाजनक स्थिति तक ऊपर उठाएं। कोशिश करें कि पैर की एड़ियां तथा तलवे जमीन को स्पर्श करें और सिर दोनों हाथों के बीच में आ जाएं। अपने श्वास को सामान्य कर लें।

**अष्टांग नमस्कारः** अब श्वास बाहर निकालते हुए हथेलियों और पैर को यथा स्थान रखते हुए पूरे शरीर को नीचे जमीन पर इस तरह ले आएं कि शरीर के आठ अंग जमीन पर रहें लेकिन छाती और घुटने के बीच का भाग जमीन से ऊपर रहे।

**भुजंगासनः** छठी अवस्था के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए हाथ के सहारे धड़ को जमीन से इतना ऊपर उठाएं कि हाथ कोहनी से सीधे हो जाए।

**पर्वतासनः** सातवीं अवस्था के तुरंत बाद सांस बाहर निकालते हुए पांचवीं अवस्था को दुहराते हुए पर्वतासन में आ जाइए।

**अश्वसंचालनासनः** पर्वतासन के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को आगे दोनों हाथों के बीच में ले आकर चौथी अवस्था अश्वसंचालनासन में आ जाएं।

**पादहस्तासनः** नौवीं अवस्था के बाद श्वास बाहर निकलते हुए बाएं पैर को भी हाथों के बीच में ले जाकर पादहस्तासन में आ जाएं।

**हस्तोतनासनः** पादहस्तासन के बाद श्वास अंदर लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए सीधे खड़े होकर धड़ को सुविधाजनक स्थिति में अधिकतम की ओर ले जाएं।

**प्राण मुद्राः** अब श्वास को बाहर निकालते हुए दोनों हाथों को पहली अवस्था की भांति सीने के सामने प्राण मुद्रा में ले आएं।

**सावधानीः** यह सूर्य नमस्कार का आधा चक्र है। यही बारह मुद्राएं अश्वसंचालनासन आसन में बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाकर करें। अन्य मुद्राएं समान हैं। शुरू में इसके एक या दो चक्रों के अभ्यास से ही शुरुआत करें। जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ती जाए इसके चक्रों संख्या भी बढ़ाते जाएं। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान और गर्भावस्था में तीसरे महीने के बाद भी इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

**होने वाले लाभः** इसके अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां और नसें क्रियाशील हो जाती हैं। पाचन, खून का संचालन, श्वास-प्रश्वास प्रणाली, उत्सर्जन अंग, स्किन और सभी ग्रंथियां क्रियाशील, शक्तिशाली एवं पुष्ट होते हैं। शरीर में स्थित नाड़ी संस्थान को सक्रिय कर पूरे शरीर को संतुलित करता है। मोटापे को कम करता है। शरीर में खून के संचालन को सक्रिय कर लचीलापन बढ़ाता है। मस्तिष्क को शुद्ध खून पहुंचा कर स्मृति और धारण शक्ति को बढ़ाता है। मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। *

**(योगाचार्य कौशल किशोर से बातचीत पर आधारित)**

योगोपचार

वेद प्रकाश आर्य

योग प्रशिक्षक

पतंजलि योग फाउंडेशन, कोलकाता

इन दिनों हाई बीपी, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) जनित हार्ट डिजीज, डायबिटीज और थायरॉइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां अधिसंख्य लोगों को परेशान कर रही हैं। इनकी समुचित चिकित्सा के साथ-साथ रोगानुसार आसन और प्राणायाम भी किए जाएं तो स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है। इन्हें नियमित किया जाए तो इनके प्रकोप से बचा भी जा सकता है।

# जीवनशैली से उत्पन्न रोगों से बचाएं ये आसन और प्राणायाम



अस्त-व्यस्त जीवनशैली और असंतुलित खान-पान से आज के दौर में हर उम्र के लोग अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं। जीवनशैली और आहार की आदतों में सुधार के साथ अगर आप कुछ आसनों और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें तो इन रोगों से बचे रह सकते हैं।

## कोलेस्ट्रॉल के लिए लाभकारी योगासन

**उत्तानपादासनः** इसे रेज्ड लेग पोज भी कहा जाता है। यह पेट की चर्बी को कम करने, पाचन में सुधार करने और पीठ दर्द में राहत देने में मदद करता है। साथ ही यह कूल्हों, जांघों, पेट और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करता है। यह आसन आंतों को सक्रिय करके कब्ज और गैस जैसी पाचन समस्याओं में राहत देता है। इतना ही नहीं यह आसन शरीर को शांत करके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। उत्तानपादासन एक सरल और प्रभावी आसन है।



**अर्ध मत्स्येंद्रासनः** इसे भगवान मत्स्य की अर्द्ध मुद्रा भी कहा जाता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को घुमाकर और पेट के अंगों को उत्तेजित करके कई लाभ प्रदान करता है। इस आसन से पाचन में सुधार, पीठ दर्द में राहत और तनाव कम होने में मदद मिलती है। यह आसन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जो मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। साथ ही यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे दिमाग को अधिक ऑक्सीजन मिलती है। इसे नियमित करने से पेट के अंगों का उद्दीपन होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कम होता है। यह आसन यकृत, गुर्दे और अग्न्याशय की मालिश करता है और उन्हें उत्तेजित करता है, जिससे वे बेहतर ढंग से काम करते हैं।

## डायबिटीज में कारगर योगासन

**मंडूकासनः** यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद आसन है क्योंकि यह अग्न्याशय को उत्तेजित करके इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाता है,



जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। यह आसन पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है, जिससे डायबिटीज से संबंधित जटिलताएं कम होती हैं। यह आसन वसा को बर्न करने में मदद करता है, जिससे जांघों और कूल्हों पर जमी चर्बी कम होती है। मंडूकासन तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी मदद करता है। लेकिन पेट में कोई बीमारी या ऑपरेशन होने पर मंडूकासन करने से पहले डॉक्टर से बात करें। अगर आपको हाइपरएसीडिटी है तो भी यह आसन न करें। गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए।

**वक्रासनः** इसे स्पाइनल ट्विस्ट भी कहा जाता है, यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह अग्न्याशय (पैंक्रियाज) को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है। यह आसन पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है और पेट दर्द में राहत देता है। यह पीठ दर्द और लचीलेपन में सुधार करता है। यह तनाव और चिंता को भी कम करता है।

## हाई बीपी में कारगर आसन

**शवासनः** यह बेहद आसान लेकिन अत्यंत उपयोगी आसन है जो उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) को नियंत्रित करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन शरीर को आराम देता है, तनाव को कम करता है, जिससे रक्तचाप प्राकृतिक रूप से कम होता है। शवासन में गहन विश्राम से रक्तचाप कम होता है और हृदय गति स्थिर रहती है। नियमित शवासन का अभ्यास हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**वज्रासनः** डायमंड पोज कहा जाने वाला यह आसन, बीपी (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आसन शरीर में रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है, तनाव को कम करता है और पाचन में सुधार करता है। यह आसन तंत्रिका तंत्र को शांत करता है और तनाव को कम करता है, जो बीपी का एक प्रमुख कारण है। वज्रासन पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है, जिससे भोजन का बेहतर पाचन होता है और यह बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। यदि आपको घुटनों में दर्द या कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसे करने से पहले अपने योग प्रशिक्षक से सलाह लें।

## थायरॉइड में कारगर योगासन

**हलासनः** योगासन की यह मुद्रा थायरॉइड ग्रंथि और योग के बीच के अनोखे संबंध को दर्शाती है। इस मुद्रा में, आपकी गर्दन में खिंचाव होता है, जो आपकी थायरॉइड ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद करता है। हलासन विशेष रूप से हाइपोथायरॉयडिज्म वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद है क्योंकि इस आसन को करने पर थायरॉइड हार्मोन स्रावित होते हैं। यदि आपको हाइपरथायरॉयडिज्म है, तो आपको हलासन करने से बचना चाहिए। थायरॉइड स्राव को विनियमित करने के अलावा, यह स्थिति पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को आराम देने में मदद करती है। हलासन को सही तरीके से करने के लिए योग प्रशिक्षक की निगरानी में ही करना चाहिए।



**सर्वांगासनः** शोल्डर स्टैंड यानी सर्वांगासन, थायरॉयड ग्रंथि पर दबाव डालकर काम करता है। इससे थायरॉयड ग्रंथि को पर्याप्त मात्रा में रक्त की आपूर्ति होती है। सर्वांगासन रक्त को थायरॉयड ग्रंथियों में स्वतंत्र रूप से और आसानी से प्रसारित करने की अनुमति देता है। यह आसन थायरॉयड ग्रंथि में रक्त के स्राव के साथ हाइपोथायरॉयडिज्म के लक्षणों को रिवर्स करने में मदद करता है।



**ध्यान देंः** यहां बताए गए किसी भी आसन या प्राणायाम का अभ्यास करने से पहले, किसी अनुभवी योग प्रशिक्षक से सलाह अवश्य लें। *

**प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन**

## प्राणायाम भी हैं लाभकारी



**बीपी, थायरॉइड**, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद के लिए कई प्राणायाम भी उपयोगी हो सकते हैं, जैसे कपालभाति, उज्जाई और नाड़ी शोधन प्राणायाम।

**कपालभातिः** यह प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इसमें 1 मिनट में अधिकतम 40 स्ट्रोक्स ही करने चाहिए वरना बीपी हाई हो सकता है। यह 5 मिनट से शुरू करके 20 मिनट तक किया जा सकता है।

**अनुलोम-विलोमः** यह लगभग हर प्रकार की लाइफस्टाइल डिजीज में फायदेमंद होता है। सावधानी यह बरतनी चाहिए कि ग्रीष्म ऋतु में बाएं नाक से और शीत ऋतु में दाहिने नाक से इसे किया जाए। कम से कम 10 मिनट और अधिकतम 20 या 25 मिनट इसे करें। एक मिनट में 6 स्ट्रोक्स का ही चक्र पूरा करें।

**उज्जाई प्राणायामः** उज्जाई प्राणायाम रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और तनाव को कम करने में भी सहायक है।

**नाड़ी शोधन प्राणायामः** यह प्राणायाम शरीर को शांत करता है और थायरॉइड को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**भ्रामरी प्राणायामः** भ्रामरी प्राणायाम तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे बीपी और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

प्रभाव

अंजू जैन

योगासन और ध्यान की महत्ता को अनेक देशों के वैज्ञानिक और डॉक्टर्स स्वीकार करते हैं। कई शोध बताते हैं कि इससे सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी बहुत लाभ होता है। इस बारे में जानिए।

# मानसिक-आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुधारता है योगासन और ध्यान

वास्तव में योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संवारता है। यह आसन, प्राणायाम, ध्यान और अन्य तकनीकों का एक संयोजन है, जो शरीर और मन को एक साथ जोड़कर एक संतुलन बनाता है। योग का अर्थ है 'जुड़ना।' यह व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ता है। इसके अभ्यास से मन और शरीर के बीच सामंजस्य बैठाना, तनाव और चिंता कम करना और ऊर्जा में वृद्धि करना संभव है।

**कई तरह से लाभकारीः** हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित शोध से यह पता चलता है कि योगासन और ध्यान से कई मानसिक कार्यों के एग्जीक्यूशन में सुधार कर सकते हैं, जैसे तर्क, निर्णय लेने की क्षमता, स्मृति, सीखना, प्रतिक्रिया का समय और मानसिक तीक्ष्णता के परीक्षणों में सटीकता। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को उनके लक्षणों से निपटने में मदद करने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। नियमित योग करने से ब्रेन का ग्रे मैटर बढ़ता है और मस्तिष्क में मौजूद न्यूरॉन्स के नेटवर्क में पॉजिटिव बदलाव आता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग सहनशक्ति और शारीरिक-मानसिक स्फूर्ति में सुधार करता है। मिर्गी के रोगियों में, योग का अभ्यास करने से दौरे की संख्या में काफी कमी देखी गई है, यहां तक कि उन्हें पूरी तरह से रोका भी जा सकता है। ब्रिटेन में कार्डिफ यूनिवर्सिटी ब्रेन रिसर्च इमेजिंग सेंटर (क्यूब्रिक) की कॉग्निटिव नर्व साइंटिस्ट क्लाउडिया मेट्जलर-बैडेली का कहना है कि योग आपको लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद कर सकता है। योग मस्तिष्क की बनावट को भी बदल देता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग का अभ्यास करने से ब्रेन का हिप्पोकैंपस, एमिग्डाला, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स, सिंगुलेट कॉर्टेक्स और मस्तिष्क नेटवर्क सहित मस्तिष्क के कुछ हिस्सों की संरचना और कार्य दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें उम्र से संबंधित और न्यूरोडीजेनेरेटिव गिरावट को कम करने की क्षमता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि योग से मस्तिष्क में गामा-अमीनोब्यूटिरिक एसिड (गाबा) का स्तर बढ़ता पाया गया है। यह न्यूरोट्रांसमीटर तंत्रिका कोशिकाओं की रासायनिक संदेश प्राप्त करने और भेजने की क्षमता को अवरुद्ध करके मस्तिष्क की गतिविधि को धीमा कर देता है।



शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग योग और ध्यान का अभ्यास करते हैं, उनमें साइटोकाइंस के उत्पादन में कमी देखी जाती है और इस प्रकार सूजन से संबंधित बीमारियों और स्थितियों के जोखिम में भी कमी आती है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग अवसाद को कम कर सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग अन्य उपचारों, जैसे दवा और मनोचिकित्सा के बराबर है।

**ध्यानः** यह एक अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति अपने मन को एकाग्र और शांत करने के लिए शारीरिक और मानसिक तकनीकों का उपयोग करता है। यह ध्यान और जागरूकता को प्रशिक्षित करने की एक तकनीक है। ध्यान में, व्यक्ति को किसी एक वस्तु, ध्वनि, या विचार पर ध्यान केंद्रित करना होता है, ताकि मन को भटकने से रोका जा सके। ध्यान का अभ्यास करने से मानसिक शांति, भावनात्मक जागरूकता और तनाव कम करने में मदद मिलती है। ध्यान की कई अलग-अलग तकनीकें हैं, जैसे कि सांस पर ध्यान केंद्रित करना, मंत्रों का जप करना या किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करना। ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से करने से व्यक्ति को तनाव कम करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और अपने बारे में अधिक जागरूकता प्राप्त करने में मदद मिलती है।

**ध्यान के फायदेः** यद्यपि ध्यान तनाव और चिंता को कम करने की एक तकनीक के रूप में जाना जाता है, यह आपके मूड को बेहतर बनाने, स्वस्थ नींद पैटर्न को बढ़ावा देने और संज्ञानात्मक कौशल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। इसका इस्तेमाल खुद के और अपने आस-पास के माहौल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। स्मृति हानि वाले लोगों में यह न्यूरोसाइकोलॉजिकल परीक्षणों में प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

अध्ययनों और शोध से पता चलता है कि ध्यान, तनाव से प्रभावित कुछ स्थितियों के लक्षणों में भी सुधार कर सकता है, जिनमें शामिल हैं- किसी आकस्मिक हादसे, नुकसान या प्रियजन को खोने के बाद का तनाव विकार आदि। स्टडी में पाया गया है कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन करने से सामान्यीकृत चिंता विकार वाले लोगों में चिंता के लक्षणों को कम करने में मदद मिली, साथ ही सकारात्मक अफर्मेशन में वृद्धि हुई और तनाव प्रतिक्रिया और मुकाबला करने में सुधार हुआ। 3,500 से अधिक वयस्कों को दिए गए उपचारों में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन से अवसाद के लक्षणों में सुधार हुआ।

प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए ध्यान करने से भी आपको लाभ हो सकता है। इस पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन मात्र 13 मिनट ध्यान करने से 8 सप्ताह में ध्यान और स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई। *

# योग से होता है हमारा तन-मन शांत-ऊर्जावान

आम लोग ही नहीं कई सेलिब्रिटीज भी योग का नियमित अभ्यास करते हैं। योगासन और ध्यान करने से क्या फायदे होते हैं, उनका योगा रूटीन क्या है, बता रहे हैं कुछ टीवी एक्टर्स अपनी जुबानी।

स्टार्स फिटनेस

## बैलेंस बनाने में मदद करता है योगः अभिषेक शर्मा



**जी टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'वसुधा' में देवांश का किरदार निभाने वाले अभिषेक शर्मा योग की अपनी लाइफ में महत्ता के बारे में बताते हैं, 'मैं बचपन में ही योग से जुड़ गया था। मुझे आज भी याद है, मेरी दादी हर सुबह प्राणायाम करती थीं। वो आंखें बंद करके बिल्कुल शांत बैठती थीं और धीरे-धीरे सांस लेती थीं। तब तो समझ नहीं आता था, लेकिन आज लगता है कि वही मेरा पहला परिचय था योगासन और ध्यान से। अब जब मैं एक्टिंग प्रोफेशन में हूं और रोज नए-नए किरदार निभाने होते हैं, तो योग मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा होता है। इससे दिमाग शांत हो जाता है और हर सीन में बेहतर ढंग से परफॉर्म कर पाता हूं। यह सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि मन को शांत करने और सोच को साफ करने का जरिया भी है। योग करने से मेरी नींद बेहतर हो गई है, इम्यूनिटी बढ़ी है और सबसे बड़ी बात यह कि अब मैं खुद को बेहतर समझने लगा हूं। इसका असर मेरे काम पर भी दिखता है। योग मुझे बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। सच कहूं तो योग ने सिर्फ मेरी बॉडी को नहीं, मेरी सोच और जिंदगी जीने का नजरिया बदल दिया है।' *

## योग से दूर होते हैं थकान-तनावः आदित्य रेडीज



**सोनी सब** चैनल पर आ रहे शो 'तेनाली रामा' में राजा कृष्ण देव राय की भूमिका में नजर आ रहे आदित्य रेडीज योग के बारे में कहते हैं, 'हमारा एक्टिंग प्रोफेशन, अपने साथ कई तरह की चुनौतियां लेकर आता है, जैसे लंबे काम के घंटे, जो अकसर थकान और मानसिक तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे समय में मुझे योग बहुत मदद करता है। यह सिर्फ शारीरिक लचीलापन नहीं लाता है, बल्कि मन को रीसेट करने की जगह देने और शांत करने का एक माध्यम भी है। थोड़ी देर का भी योगाभ्यास या श्वास-प्रश्वास की क्रिया, थकान और तनाव से हमें शांति दिलाती है। हालांकि, जो मुझे वास्तव में संतुलित रखता है, वह है डेली अच्छी नींद। इसीलिए मैं इसे अपनी प्राथमिकता बनाकर रखता हूं, क्योंकि यही मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती है। योग करने से मुझे नींद भी अच्छी आती है।' *

## योग से मैं ऊर्जावान महसूस करता हूंः आसिफ शेख

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का रोल निभाने वाले आसिफ शेख बताते हैं, 'योग मेरी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। यह सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि जीवनशैली है। इससे मेरा तन और मन दोनों शांत रहते हैं। शूटिंग के लंबे घंटे और तनाव भरे शेड्यूल के बावजूद मैं अंदर से संतुलित और ऊर्जावान महसूस करता हूं। हालांकि मेरे शूटिंग शेड्यूल की वजह से रेग्युलर टाइम पर योग करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन मैं जहां भी मौका मिलता है, वहां योग कर ही लेता हूं। इससे मुझे बहुत रिलैक्स महसूस होता है और मैं दिनभर फिट बना रहता हूं। मेरे दिन की शुरुआत का सबसे जरूरी हिस्सा पद्मासन है। जब मैं इस आसन में बैठता हूं, तो ऐसा लगता है मानो पूरा शरीर स्थिर हो गया है और मन एकदम शांत हो गया है। यह स्थिति मुझे अपने अंदर झांकने का अवसर देती है। जैसे ही मैं पद्मासन में बैठकर आंखें बंद करता हूं और कुछ गहरी सांसें लेता हूं, एक अलग ही शांति महसूस होती है। ध्यान करने से मुझे सिर्फ मानसिक स्पष्टता ही नहीं मिलती, बल्कि यह मुझे मेरे काम पर भी बेहतर फोकस करने में मदद करता है। कई बार जब मैं थका हुआ होता हूं या मानसिक रूप से तनाव महसूस करता हूं, तब कुछ मिनटों का ध्यान मुझे बिल्कुल तरोताजा कर देता है। इसके अलावा प्राणायाम भी करता हूं, जिससे मेरी सांसें नियंत्रित रहती हैं और मानसिक स्पष्टता बनी रहती है।' *



**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

# ईरान ने दागी लॉन्ग रेंज बैलेस्टिक मिसाइलें, पूरा अस्पताल उड़ा दिया

ईरान और इजरायल के बीच जंग सातवें दिन में प्रवेश कर गई है। हर गुजरते दिन के साथ दोनों की तरफ से एक दूसरे पर किए जा रहे हमले भीषण होते जा रहे है। ईरानी मिसाइलों ने दक्षिणी इजराइल में एक प्रमुख चिकित्सा सुविधा और तेल अवीव में स्टॉक एक्सचेंज की इमारत को निशाना बनाया है। ईरान ने इजरायल के एक अस्पताल को निशाना बनाया है। ईरान ने इजरायल पर लॉन्ग रेंज बैलेस्टिक मिसाइलें दागी हैं और इससे इजरायल को नुकसान हो रहा है। इजरायल के अस्पताल पर इस तरह के हमले की ये पहली तस्वीर है। जहां ईरान ने इजरायल के सरोका अस्पताल को निशाना बनाया। हमले में सरोका अस्पताल में अफरा तफरी मच गई और लोग वहां से भागते दिखें। अस्पताल को भी इस हमले में नुकसान हुआ है।